Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 330 | बुधवार, 03 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 400 करोड़ की लागत से तैयार 14 किलोमीटर लंबा उत्तरी बाईपास हुआ चालू




**आगरा।** सात माह के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मंगलवार को उत्तरी बाइपास चालू हो गया। पहले दिन एक हजार से अधिक वाहनों ने फरार्टा भरा। 14 किमी लंबे बाइपास का निर्माण 400 करोड़ की लागत से हुआ है।

यह नेशनल हाईवे-19 के रैपुरा जाट को मिडावली हाथरस से जोड़ रहा है। इसके बनने से सिकंदरा चौराहा पर वाहनों का दबाव कम होगा। जाम की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। रैपुरा जाट से खंदौली 15 मिनट में और हाथरस 25 मिनट पहुंच सकेंगे। अभी यह सफर तय करने में 30 मिनट और 45 मिनट का समय लगता है। इससे समय के साथ ईंधन की भी बचत होगी। डेढ़ दशक पूर्व उत्तरी बाइपास का सपना देखा गया था। इसे लेकर तीन प्रस्ताव बने। पहले में आगरा से होकर इसे गुजरना था लेकिन दूसरे और तीसरे प्रस्ताव में बदलाव करते हुए इसे मथुरा से होकर गुजारा गया।

## मोटापा एक दीर्घकालिक बीमारी

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार मोटापे के दीर्घकालिक इलाज के लिए जीएलपी-1 थेरेपी को सिफारिशों में शामिल किया है। यह कदम वैश्विक स्तर पर चिकित्सकीय दृष्टिकोण में एक बड़ा परिवर्तन माना जा रहा है।

विश्वभर में एक अरब से अधिक लोग मोटापे से प्रभावित हैं और डब्ल्यूएचओ का उद्देश्य सुरक्षित, उपचार विकल्पों का विस्तार करना है, साथ ही वह इस क्षेत्र में लागत और समान पहुंच की चुनौतियों को भी रेखांकित करता है। डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देश में दो सिफारिशें शामिल हैं। पहली वयस्क मोटापा रोगी (गर्भवती महिलाओं को छोड़कर) दीर्घकालिक मोटापा प्रबंधन के लिए जीएलपी-1 दवाओं का उपयोग कर सकते हैं। दूसरी इस थेरेपी को संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

# श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए भारत पूरी तरह तैयार



**नई दिल्ली।**


सर्दियों में फैलने वाले इन्फ्लूएंजा को रोकने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में मंगलवार को कर्तव्य भवन-1 में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि देश श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा सभी प्रणालियां वर्तमान में इन्फ्लूएंजा के मामलों की संख्या में असामान्य वृद्धि के कोई संकेत नहीं दिखा रही हैं।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में तैयारियों की समीक्षा अगले एक पखवाड़े के भीतर पूरी कर ली जाए। मंत्री ने सभी राज्यों को एक परामर्श जारी करने की भी सलाह दी और स्वास्थ्य सुविधाओं पर नियमित रूप से माक ड्रिल आयोजित करने को कहा। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सांसदों से टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया। संसद भवन एनेक्सी (ईपीएचए) सभागार में आयोजित बैठक में जेपी नड्डा ने कहा कि सांसदों के साथ संवादों का उद्देश्य टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाना है। इस सत्र का उद्देश्य क्षय रोग के विरुद्ध लड़ाई में संसदीय समर्थन और जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें रोकथाम, शीघ्र निदान, देखभाल और सामुदायिक लामबंदी पर जोर दिया जाएगा।

### जेपी नड्डा ने टीबी मुक्त भारत अभियान में सांसदों से किया सहयोग का आह्वान

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सांसदों से टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया। संसद भवन एनेक्सी (ईपीएचए) सभागार में आयोजित बैठक में जेपी नड्डा ने कहा कि सांसदों के साथ संवादों का उद्देश्य टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाना है।

## उत्तराखंड में चमकेंगी सड़कें और बनेंगे पुल





**देहरादून।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विकास योजनाओं के लिए 271.33 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने नैनीताल विधानसभा में शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 10.28 करोड़ और विकासखंड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीघाट मोटर मार्ग में स्पान प्रीस्ट्रेड सेतु के निर्माण को 9.63 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने द्वारहाट विधानसभा के अंतर्गत नागार्जुन-जालली मोटर मार्ग के सुधारीकरण को 5.67 करोड़, राज्य योजना के अंतर्गत बागेश्वर विधानसभा में कसियालेख से धारी मोटर मार्ग के सुधारीकरण को 5.37 करोड़ की स्वीकृति दी है।

### 271.33 करोड रुपये की दी मंजूरी सीएम धामी ने

## नौसेना को जल्द मिलेगी तीसरी पनडुब्बी

**नई दिल्ली।**



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि भारत की तीसरी स्वदेशी निर्मित न्यूक्लियर बैलिस्टिक पनडुब्बी आइएनएस अरिदमन को "बहुत जल्द" सेवा में शामिल किया जाएगा। फिलहाल एक उन्नत अरिहंत-क्लास पनडुब्बी आइएनएस अरिदमन परीक्षण के अंतिम चरण में है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को नौसेना दिवस से पहले प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि भारतीय नौसेना के पास आइएनएस अरिघात और आइएनएस अरिहंत भी हैं, जो भारत के न्यूक्लियर ट्रायड को और मजबूत करेंगे, न्यूक्लियर डिटरेंस को बढ़ाएंगे, क्षेत्र में सामरिक संतुलन, शांति स्थापित करने में मदद करेंगे और देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। भारत की परमाणु शक्ति वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) कार्यक्रम एक गुप्त परियोजना है। भारत उन चुन्नदा देशों में शामिल है जिनके पास परमाणु शक्ति वाली पनडुब्बियां हैं। ऐसे संपत्तियों वाले देशों में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत छह स्टेल्थ पनडुब्बियों की प्रस्तावित अधिग्रहण प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

### फ्रांस के साथ एक अहम समझौते पर भारत ने किया था हस्ताक्षर

भारत ने अप्रैल में फ्रांस के साथ 64,000 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। नौसेना प्रमुख ने सशस्त्र बलों के आपसी सहयोग और एकजुटता का एक उदाहरण देते हुए कहा आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की "तत्काल कार्रवाई और आक्रामक स्थिति" ने पाकिस्तानी नौसेना को व्यस्त रखा और उन्हें अपने बंदरगाहों और मकरान तट के पास रहने के लिए मजबूर किया।

# बिहार की तरह बंगाल समेत 5 राज्यों में चुनावी कमान संभालेंगे शाह

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति का नेतृत्व करेंगे। शाह इस महीने के अंत से चुनावी दौरे शुरू करेंगे और हर महीने तीन दिन राज्यों में प्रवास करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के बाद पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में रणनीति की कमान संभालेंगे। गृह मंत्री शाह अपने इस चुनावी अभियान की शुरूआत इस महीने के अंत में पश्चिम बंगाल के दौरे से करेंगे। इसके बाद वह चुनाव की अधिसूचना जारी होने तक हर महीने अन्य चुनावी राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी कम से कम तीन दिनों का प्रवास करेंगे। इन सभी चुनावी राज्यों में शाह की रणनीति बिहार के तर्ज पर कार्यकताओं में ऊर्जा भरने, संगठन को सक्रिय करने और सहयोगी दलों के साथ साझा अभियान और ठोस संयुक्त रणनीति को अमली जामा पहनाने की है। इन राज्यों में भाजपा पश्चिम बंगाल में अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। जबकि तमिलनाडु, केरल और असम में सहयोगियों के साथ मैदान में उतरेगी। बिहार की तर्ज पर ही भाजपा असम, केरल, तमिलनाडु में सहयोगियों के साथ साझा रणनीति और साझा अभियान चलाएगी। इस क्रम में बिहार में भाजपा ने कार्यकताओं को एनडीए को जिताने का लक्ष्य दिया था। बूथ कमेटियों और प्रबंधन में सहयोगी दलों के कार्यकताओं को भी शामिल किया था। इसके अलावा संयुक्त प्रचार की सफल रणनीति तैयार की थी।

**माह के अंत में शुरू करेंगे अभियान**

## जम्मू-कश्मीर बीजेपी का संगठन विस्तार

**जम्मू।**




जम्मू कश्मीर में संगठनात्मक गतिविधियों को तेजी देने के लिए प्रदेश भाजपा ने संगठन के अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक मोर्चा की नई टीमों का गठन किया है।

प्रदेशाध्यक्ष सत शर्मा और संगठन महामंत्री अशोक कौल से विचार-विमर्श के बाद नए पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई। इन मोर्चों में कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव, आइटी प्रभारी, मीडिया प्रभारी, प्रचार सचिव, कार्यकारी सदस्यों के ससाथ विशेष आमंत्रित सदस्य भी बनाए गए हैं। पार्टी की ओर से सेवानिवृत एसएसपी भूपिंदर सिंह, अमरजीत सिंह, नरेंद्र जैन, मुनीरा बेगम, राजिंदर सिंह राजू व मुबाशिर आजाद को अल्संख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह इम्तियाज अहमद भट, एडवोकेट जसमीत कौर पांडे व धमनजीत सिंह को महासचिव बनाया गया है। डॉ. सुरजीत सिंह, फारूक अहमद, फरीद अहमद फानी, जोगिंदर सिंह (राजू), पवनजीत सिंह, प्रिथपाल सिंह व पीर मंजूर अहमद को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, इश्फाक अहमद भट को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ मीडिया प्रभारियों व जिला प्रधानों की भी घोषणा की गई। मोहिंद्र भगत, राहुल हंस व सीमा देवी को अपने अनुसूचित जाति मोर्चा का महासचिव बनाया है। विद्या मोटन, जगवीर दास, पूर्ण चंद, सोमराज कुंडल, सुरेश कुमार, मनोहर लाल भगत व निधि मगोत्रा को सचिव बनाया है। भाजपा ने कर्ण अत्र को कठुआ, गारू सनाही को राजौरी, पवन कोहली को सांबा, बलबीर लाल को जम्मू उत्तर, देवराज को कठुआ व राज कुमार भगत को जम्मू पश्चिम का जिला प्रधान बनाया है।

## ट्रंप की प्रवासियों को दो टूक

# 'अमेरिका में सोमाली नहीं चाहिए, अपने देश लौटकर उसे ठीक करें'

**वॉशिंगटन।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमाली प्रवासियों को लेकर तीखे बयान दिए। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका में नहीं चाहते और उन्हें अपने देश लौटकर उसे ठीक करना चाहिए। इस बयान पर मिनेसोटा और अमेरिकी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमाली प्रवासियों को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिका में सोमाली नहीं चाहते और उन्हें अपने देश लौटकर उसे ठीक करना चाहिए। उनके बयान ने अमेरिकी राजनीति और प्रवासी समुदायों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि सोमाली आप्रवासी अमेरिकी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली पर निर्भर रहते हैं और देश में कोई बड़ा योगदान नहीं देते। उन्होंने कहा वे कुछ नहीं देते। मैं उन्हें अपने देश में नहीं चाहता। उनका देश खराब इसलिए है क्योंकि उन्होंने उसे ठीक नहीं किया। आपका देश बदबू करता है और हम उन्हें यहां नहीं चाहते। ट्रंप ने मिनेसोटा से डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर, जो बचपन में सोमालिया से अमेरिका आई थीं, को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा इल्हान उमर कूड़ा है। उसके दोस्त भी कूड़ा हैं। इस पर उमर ने सोशल मीडिया पर पलटवार करते हुए लिखा उनकी मेरे प्रति दीवानगी अजीब है। आशा है कि उन्हें वह मदद मिले जिसकी उन्हें जरूरत है। पिछले सप्ताह वाशिंगटन में दो नेशनल गार्ड सैनिकों की गोलीबारी की घटना में अफगान मूल के संदिग्ध के बाद ट्रंप ने कई देशों के प्रवासियों पर सवाल उठाने शुरू किए। हाल के दिनों में उन्होंने दावा किया कि मिनेसोटा धोखाधड़ी वाले धन-शोधन का केंद्र है और सोमाली प्रवासियों को वापस भेजने की बात कही थी।

**तैयारी** वही दक्षिण में तूफान दित्वाह के असर से भारी बारिश हो रही है। देश के दो हिस्सों में मौसम के दो विपरीत हालात देखने को मिल रहे हैं।

# पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर भारत में बढ़ेगी ठंड



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में सर्दी का असर अब तेज हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर भारत में ठंड बढ़ेगी। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कई स्थानों पर तापमान 6 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। वही दक्षिण में तूफान दित्वाह के असर से भारी बारिश हो रही है। देश के दो हिस्सों में मौसम के दो विपरीत हालात देखने को मिल रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के चलते उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप बढ़ रहा है। दक्षिण भारत में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात दित्वाह के अवशेष के कारण भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा अपडेट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है, जिसके प्रभाव से उत्तर भारत की पहाड़ियों और मैदानों में ठंड और तेज हो गई है। हरियाणा और उसके पड़ोसी इलाकों में चक्रवाती प्रसार भी मौसम को और कठोर बना रहा है। अधिकांश राज्यों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। हरियाणा के हिसार में पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो वर्तमान में देश के मैदानी इलाकों का सबसे ठंडा स्थान रहा। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ, जिससे रात और सुबह की ठिठुरन और तेज हो गई है। उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश और हल्द्वानी में सुबह का तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

## संपादक की कलम से

# एसआईआर एक घातक ड्रामा

क्या संसद में भी ड्रामा होता है? बेशक हमने संसद के भीतर हंगामे, हुल्लड़बाजी, आसन की ओर किताब फेंकना या सभापति का माइक तोड? की कोशिश करना, मेज पर चढ़ कर नृत्य करना आदि अराजकताएं और अनुशासनहीनता तो देखी हैं। वे शाश्वत हैं, क्योंकि विपक्ष ऐसा ही व्यवहार करता रहा है। यही उसकी संवैधानिकता मान ली गई है। भाजपा बिल्कुल भी अछूती नहीं है।



ललित शर्मा
संपादक

संसद में हंगामा और कई-कई दिनों तक कार्यवाही को बाधित करने के उसके भी कीर्तिमान दर्ज हैं। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को निशाना बनाते हुए, उस पर तंज करते हुए, कहा है कि संसद ड्रामा की जगह नहीं है। ड्रामे के लिए पूरा देश खाली पड़ा है। संसद में तो डिलीवरी होनी चाहिए। हम भी मानते हैं कि संसद में राष्ट्र-निर्माण के निर्णय लिए जाने चाहिए, लेकिन 12 मिनट में 4 विधेयक पेश कर दिए जाएं और एक पारित भी कर लिया जाए, तो यह कौन-सा ड्रामा है? याद करें, संसद के मानसून सत्र के दौरान करीब 15 मिनट में 12 बिल पारित कर लिए गए थे। ऐसा कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान भी होता रहा है, जब मिनटों में ही बिल पारित कर लिए गए। इस हम्माम में सभी मौजूद हैं। कमोबेश यह संसदीय प्रणाली नहीं, संसद के नाम पर ड्रामा है। संसद पक्ष-विपक्ष की आपसी विरोधी चर्चाओं, आरोपों-प्रत्यारोपों का सबसे बड़ा, गणतांत्रिक मंच है, क्योंकि सभी निर्वाचित सांसद होते हैं। प्रधानमंत्री भी पूरे देश के, विपक्ष के भी, प्रधानमंत्री हैं, लिहाजा उन्हें निर्वाचित सांसदों के लिए गरिमामय, शालीन, सौम्य, संसदीय भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। ड्रामा ऐसा शब्द नहीं है। चुनावी पराजय की हताशा, झुंझलाहट, कुंठा आदि की बात भी राजनीतिक या चुनावी मंचों तक ही सीमित रखनी चाहिए। संसद के मायने ही अलग हैं। दरअसल ड्रामा तो एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) और चुनाव आयोग के नाम पर खेला जा रहा है। बीते कल एक वीडियो टीवी चैनलों पर प्रसारित होता रहा। उप्र के एक बीएलओ ने आत्महत्या से पहले यह वीडियो बनाया था। वीडियो में बीएलओ अपनी मां से बार-बार माफी मांग रहा है और चार छोटी-छोटी बेटियों का ख्याल रखने की गुहार कर रहा है। वह व्यक्ति लगातार रो रहा है। कमोबेश इससे ज्यादा मार्मिक और पीड़ित दृश्य नहीं हो सकता, लेकिन ऐसी आत्महत्याओं के बाद भी चुनाव आयोग दावे करता रहा है कि सब कुछ 99 फीसदी हो रहा है। लानत है ऐसी संवैधानिक व्यवस्था पर! संसद में ड्रामा यह किया गया है कि 14 दिसंबर, 1988 की तत्कालीन स्पीकर बलराम जाखड़ (प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे) की रूलिंग का हवाला देते हुए सरकार ने संसद में एसआईआर और चुनाव आयोग की भूमिका पर, किसी भी नियम के तहत, चर्चा कराने से इंकार कर दिया है। क्या स्पीकर की रूलिंग और चुनाव आयोग सरीखी संवैधानिक, स्वायत्त संस्था संसद के लिए कोई संवैधानिक विवशता है कि उन्हें लांघा नहीं जा सकता? संसद सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ के फैसले को तो पलट सकती है, लेकिन स्पीकर की रूलिंग लक्ष्मण-रेखा है।

## उदय किशोर साह



### कैसे बिताई वो रातें

कविता

कैसे बिताई थी मैने
वो काली काली सी रातें
शबनम पत्तियों पे रो रही थी
गलियों में थी छाई अंधेरी यादें
आवारा बादल की तरह भटकता
नभ पे टिमटिमाते थे सब तारे
चाँदनी भी गुमसुम बैठी थी
गायब थे ध्रुव पे खड़े सितारे
नदियों की कल कल रवानी
फिजां में थी मस्ती की जवानी
कोई भी ना दिख रहा था
सर से उपर बह रही थी पानी
हसरत मन में था मैं पाला
पर रूठ गई थी वो मेरी कहानी
प्रकृति से खुशियां थी माँगी
पर कर गई वो भी मनमानी
कहने को तो सब अपने थे
पर वक्त पे कोई काम ना आया
अपने तो भूल चुके थे
जैसे मैं हो गया था पराया
किस किस पे दोष दूँ मैं
किस्मत ही अपनी थी काली
हर तरफ रोशनी ही रोशनी थी
पर अंधेरी थी अपनी दिवाली

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नए भारत को सुरक्षा एवं संवेदना वाली नई पुलिस चाहिए

भारतीय लोकतंत्र में पुलिस व्यवस्था कानून-व्यवस्था की आधारभूत धुरी है, परंतु आम नागरिक के मानस में पुलिस की छवि अभी भी कठोरता, डर और दमन से जुड़ी हुई है। इसे केवल अधिकार जताने वाली शक्ति समझा गया है, संवेदनशीलता, जवाबदेही और मित्र भाव से नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में इसी जटिलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की छवि तभी बदलेगी जब व्यवस्था अधिक प्रोफेशनल, अधिक उत्तरदायी और अधिक मानवीय बने। विकसित भारत की दृष्टि में पुलिस का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि समाज में भरोसे को पुनर्जीवित करने का कार्य भी है। पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, आतंकवाद-निरोध, भीड़ प्रबंधन, आपदा राहत, नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान, चुनाव ड्यूटी और वीआईपी सुरक्षा जैसी असंख्य जिम्मेदारियां हैं, लेकिन संसाधन सीमित हैं, कार्य-भार भारी और राजनीतिक दबाव व्यापक हैं। कुछ अधिकारियों के भ्रष्ट या कठोर व्यवहार ने संपूर्ण पुलिस व्यवस्था की छवि पर चोट पहुंचाई है, इसलिए जनता पुलिस के निकट आने पर भी भय का अनुभव करती है। प्रधानमंत्री ने इस स्थिति बदलने की स्पष्ट आवश्यकता जताई और युवाओं में पुलिस की सकारात्मक छवि निर्माण पर बल दिया ताकि आने वाली पीढ़ी पुलिस को मित्र और संरक्षणकर्ता के रूप में पहचाने।

भारतीय लोकतंत्र के संरचनात्मक स्तंभों में पुलिस की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। वह केवल अपराधियों से मुकाबला करने वाली शक्ति नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था, नैतिकता और जनविश्वास की संरक्षक है। परंतु विडम्बना यह है कि आम जनता के मानस में पुलिस की छवि आज भी कठोरता, डर, भ्रष्टाचार और दमन से जुड़ी हुई दिखाई देती है। समाज पुलिस को ह्लडंडेह्व और ह्लखाकीह्व के प्रतीक रूप में पहचानता है, संवेदनशीलता और जवाबदेही के दृष्टिकोण से नहीं। यही कारण है कि पुलिस सुधार दशकों से विमर्श का विषय तो रहा, लेकिन कभी जनांदोलन नहीं बन सका, न चुनावी मुद्दा बना और न ही गंभीर राजनीतिक प्राथमिकता। इसलिये मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने, विश्वविद्यालयों को फोरेंसिक अध्ययन के लिए प्रेरित करने और नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा नागरिक सुरक्षा संहिता पर व्यापक जनजागरूकता चलाने की जरूरत रेखांकित की। उनका यह दृष्टिकोण पुलिस को






ललित गर्ग

> विकसित भारत को विकसित सोच वाली पुलिस चाहिए जो नागरिकों के साथ विश्वास-आधारित संबंध बनाए, दमन नहीं बल्कि संरक्षण दे, और कानून को लागू करने में नैतिकता, पारदर्शिता और मानवता को प्राथमिकता दे। ऐसी पुलिस व्यवस्था ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की प्रहरी बन सकती है और भारत की सभ्यता-संस्कारों का प्रतिबिंब भी। इसी संदर्भ में पुलिस थानों के नामकरण की सोच पर पुनर्विचार भी आवश्यक है। थाना शब्द में दमन और भय की छाया रही है, जबकि लोकतांत्रिक समाज में वह नागरिक सहारा का स्थान होना चाहिए। यदि उन्हें सुरक्षा केंद्र, नागरिक सहायता केंद्र, पुलिस सेवा भवन, अभय केंद्र या सहयोग प्रहरी केंद्र जैसे नाम दिए जाएं तो नागरिक के मानस में पुलिस की भूमिका का अर्थ बदलने लगेगा। नाम केवल शब्द नहीं होता, वह भाव, चरित्र और अनुभव निर्मित करता है। इस सकारात्मक नामकरण से पुलिस केन्द्र केवल शिकायत या धमकाने का प्रतीक नहीं बल्कि सहायता, समस्या-समाधान, विश्वास और न्याय का केन्द्र बन सकता है। यह प्रतीकात्मक परिवर्तन, यदि व्यवहार सुधार के साथ जुड़ जाए, तो पुलिस के प्रति जनता में सम्मान, निर्भयता और साझेदारी की भावना और अधिक मजबूत होगी और यही वह दिशा है जिसे विकसित भारत की सुरक्षा, नीतिगत सोच और संवेदनशील शासन का स्वरूप कह सकते हैं। इसके विपरीत आज की वास्तविकता यह है कि जब पुलिस दरवाजे पर आती है, तो नागरिक घबराता है-कहीं फंस न जाऊं। यह भय उस विश्वासहीनता का परिणाम है जिसे बदलना आवश्यक है।

प्रतिक्रियाशील संस्था से आगे बढ़ाकर बुद्धिमान, वैज्ञानिक, पूर्वानुमान आधारित और विश्वसनीय संस्था बनाने की दिशा है।

प्रधानमंत्री की दृष्टि का महत्वपूर्ण आयाम यह है कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली मशीन नहीं बल्कि समाज का सहभागी तंत्र है। यदि पुलिस व्यवहार में संवेदनशीलता, संवाद, पारदर्शिता और विनम्रता विकसित करे तो जनविश्वास स्वतः बढ़ेगा। नए कानूनों के बारे में जन-जागरूकता अभियान इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि कानून तभी प्रभावी होते हैं जब जनता उन्हें समझती और स्वीकार करती है। अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए पुलिस का प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, इंटेलिजेंस नेटवर्क और फोरेंसिक क्षमता मजबूत होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने नेटग्रिड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एकीकृत डेटाबेस के प्रभावी उपयोग पर जोर देकर पुलिसिंग को डेटा आधारित, कृत्रिम बुद्धिमता-एआई और वैज्ञानिक सोच से जोड़ने की दिशा दिखाई है। उन्होंने प्रतिबंधित संगठनों की सतत निगरानी, नशीली दवाओं के विरुद्ध बहुस्तरीय रणनीति, कट्टरपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में विकास आधारित समाधान, तटीय सुरक्षा के नवाचार, तथा प्राकृतिक आपदाओं में सक्रिय पुलिस नेतृत्व की आवश्यकता भी व्यक्त की। यह सब उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसमें पुलिस केवल अपराध से लड़ने वाली व्यवस्था नहीं बल्कि विकास की रणनीतिक सहभागी शक्ति है। परंतु पुलिस सुधार केवल निदेशों से संभव नहीं; इसके लिए संतुलित एवं अत्याधुनिक ढांचे की जरूरत है जिसमें प्रशिक्षण, संसाधन, मनोबल, आचार-नीति, राजनीतिक निर्भरताओं से मुक्ति और सामाजिक सम्मान शामिल हों। आलोचना जितनी महत्वपूर्ण है, पुलिस के संघर्षों को समझना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि इसी दोतरफा समझ से सुधार का रास्ता निकलता है। प्रधानमंत्री की अपेक्षा है कि पुलिस नेतृत्व खुद को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार करे, लक्ष्य स्पष्ट करे और वह व्यवस्था बनाए जिसमें नागरिक पुलिस को भय से नहीं बल्कि विश्वास से देखें। विकसित भारत की यात्रा में सुरक्षा, न्यायबोध और अनुशासन की संरचना को सशक्त बनाने के लिए पुलिस का आधुनिक, मानवीय और विश्वसनीय स्वरूप अनिवार्य है। यह सुधार केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और चरित्र का परिवर्तन है। तभी खाकी का सम्मान लौटेगा, जनता का विश्वास मजबूत होगा और पुलिस व्यवस्था वास्तव में लोकतंत्र की प्रहरी के रूप में पहचानी जाएगी। प्रधानमंत्री के ताजा विचारों ने स्पष्ट किया है कि पुलिस की छवि सुधारने का अर्थ केवल कठोरता घटाना नहीं, बल्कि उसे प्रोफेशनल, संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है। आज जरूरत इस बात की है कि पुलिस व्यवस्था के लिए भय का नहीं, विश्वास और सुरक्षा का केंद्र बने। शहरी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, पर्यटक पुलिस को पुनर्जीवित करने और नए आपराधिक कानूनों पर जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में पहल इसलिए महत्वपूर्ण है कि इससे पुलिस ह्लडंडे की ताकतह्व से आगे बढ़कर ह्लमदद की शक्तिह्व बनेगी। यदि नागरिक को यह अनुभव होने लगे कि पुलिस मदद के लिए तत्पर है, उसके अधिकारों का सम्मान करती है और कानून का निष्पक्ष पालन करती है, तो खाकी वर्दी का अर्थ केवल अनुशासन नहीं बल्कि विश्वास, अभय और सहारा प्रतीत होगा। यही वह परिवर्तन है जो विकसित भारत की सोच में निहित है। अंग्रेजी शासकों ने अपने शासन को थोपने, जनता को नियंत्रित करने और भय-आधारित प्रशासन चलाने हेतु पुलिस तंत्र की रचना की। 1860 के कानून के आधार पर स्थापित भारतीय पुलिस का मूल चरित्र दंडात्मक, शासक-केन्द्रित और कठोर शक्ति-प्रयोग वाला था। स्वतंत्रता के बाद भी इस व्यवस्था में सार्थक बदलाव न होना एक विडंबना है। आजाद भारत ने लोकतंत्र अपनाया पर पुलिस ढांचे ने अभी तक औपनिवेशिक सोच को पूरी तरह त्यागा नहीं। परिणामतः पुलिस जनसेवा की बजाय सत्ता को बचाने और भय पैदा करने का उपकरण बनी रह गई। आज आवश्यकता है कि भारत का पुलिस तंत्र भारत के मूल्यों के अनुरूप पुनर्निर्मित हो।

# सवाई माधोपुर के नगर आयुक्त और जिला कलेक्टर को नकल ना देना पड़ा भारी
# राजा भईया ने ठोका दो लाख की बसूली का मुकदमा, कोर्ट ने जारी किए सम्मन

वेलकम इंडिया

(विशेष संवाददाता) राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के नगर परिषद आयुक्त को शुल्क वसूल कर भी दस्तावेजों की नकल,सत्यप्रियाँ ना देना भारी पड़ गया इस संदर्भ में भुगतभोगी दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया ने नगर आयुक्त सहित जिला कलेक्टर पर उन्हें हुई क्षति पूर्ति के लिए दो लाख रुपए की बसूली का मुकदमा जिले की सिविल जज की अदालत में दायर किया है जिस पर सभी दस्तावेजों का अवलोकन करने और परिवादी की बहस सुनने के बाद सिविल न्यायाधीश रूपेंद्र कौर ने नगर आयुक्त एवं जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर के विरुद्ध सम्मन जारी करते हुऐ 16/12/2025 को लिखित जवाब दाखिल करने के आदेश पारित किए हैं, राजा भईया ने आज पत्रकारों को कोर्ट आदेश की सत्यप्रति देते हुए बताया कि उन्होंने पिछले दिनों सौ रुपए का भुगतान भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से नगर आयुक्त को करते हुऐ एक आवेदन भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धारा 74 एवं 75 के तहत दायर कर कुछ पब्लिक दस्तावेजों की नकल,सत्यप्रियाँ उनसे मांगी थी जो उनके कार्यालय में मौजूद हैं,शुल्क वसूलने के बावजूद नगर आयुक्त ने समय सीमा के भीतर उन्हें दस्तावेजों की सत्य प्रतियां, नकल जान बुझ कर भ्रष्टाचार छुपाने के लिऐ उपलब्ध नहीं कराई ना ही कोई जवाब दिया जिस पर उन्होंने नगर आयुक्त एवं जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर को रजिस्टर्ड डॉक द्वारा कानूनी नोटिस भेजते हुए उन्हें हुई छाति पूर्ति के लिए तीन लाख रुपए



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न- 9811371054=9818951279

आदा करने और मांगे गए दस्तावेजों की नकल देने की मांग की थी परन्तु ना तो उन्हें समय रहते दस्तावेजों की नकल दी गई और ना ही उनके भेजे कानूनी नोटिस का कोई जवाब ही उक्त दोनों अधिकारियों ने दिया, मजबूरन उन्होंने पुनः एक रिमाइंडर कानूनी नोटिस भी उक्त दोनों अधिकारियों को रजिस्टर्ड डॉक द्वारा चेताते हुऐ भेजा फिर भी उन्हें दस्तावेजों की नकल नहीं दी और रिमाइंडर कानूनी नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया, इससे क्षुब्ध हो कर उन्होंने न्यायालय में सिविल वाद दायर कर उक्त कार्यवाही की है इससे पूर्व इसी प्रकरण में राजा भईया ने एक आपराधिक इस्तगासा भी उक्त नगर







आयुक्त एवं नगर परिषद के संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध उनसे धोखा धडी करने, विश्वासघात करने, सरकारी आदेशों की पालना ना करने एवं लोकसेवक के दायित्वों की पालना ना करने के सन्दर्भ में एसीजेएम सवाई माधोपुर की कोर्ट में दायर किया हुआ है जो कि न्यायालय में विचाराधीन है इस घटना से पूरे नगर परिषद और जिला कलेक्टर कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है अब सभी की निगाहें आगामी कोर्ट की तारीख पर लगी हुई है राजा भईया ने यह भी कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है फिर चाहे वो नगर आयुक्त हो या जिला कलेक्टर।

# चेतिया सहकारी समिति पर मनमानी तरीके से बचा जा रहा खाद

असदुल्लाह सिद्दीकी



**चेतिया/सिद्धार्थनगर।** तहसील व ब्लाक बांसी अन्तर्गत चेतिया सहकारी समिति उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यूरिया खाद की कालाबाजारी की जा रही है। वहीं किसान ?266.50 की खाद को ?390 से ?450 तक में खरीदने को मजबूर हैं। किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि इस मनमानी से उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। ?1650 रुपये में डीएपी तो ?390से ?450 में यूरिया बेची जा रही है। वहीं किसानों ने वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की। चेतिया सहकारी समिति क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी अब खुलेआम होती दिख रही है। किसानों को सरकारी दर से अधिक कीमत पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सूत्रों द्वारा बताया गया सहकारी समिति चेतिया पर यूरिया खाद किसानों से अधिक दाम पर यूरिया बेचने का आरोप लगा है। इस दौरान जो सच निकलकर सामने आया, वह किसानों की मजबूरी और व्यवस्था की लापरवाही दोनों को उजागर करता है। क्षेत्र में खाद की दुकानों पर डीएपी खाद ?1650 प्रति बोरी और यूरिया ?390 प्रति बोरी में बेची जा रही है। किसानों का कहना है कि अगर महंगे दामों में बेचने पर आपत्ति किया जाये, तो खाद ही नही मिलेगा।इसलिए किसान ज्यादा सवाल-जवाब भी नहीं करते।निरीक्षण के दौरान चेतिया सहकारी समिति पर सचिव की मनमानी से किसान परेशान है।कुछ किसान मिले जो यूरिया की बोरी लेकर जा रहे थे।पूछने पर उन्होंने बताया कि सहकारी समिति चेतिया से महंगे दामों पर खाद लेकर आ रहा हूँ, इसके लिए डीएपी व यूरिया दोनों जरूरी है।इसी मजबूरी का दुकानदारों द्वारा नजायज फायदा उठाकर मनमाना दाम वसूला जा रहा है।इसलिए डीएपी ?1650 और यूरिया ?390 से ?450 देकर खरीदना पड़ रहा है। सबसे हैरानी की बात है कि अगर महंगे दामों पर किसानों को खाद बेंचा जा रहा है और तहसील प्रशासन व कृषि विभाग को खबर ही नहीं है। जबकि 10-12 किलोमीटर की दूरी पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीओ, एडीओ कृषि आदि सभी का कार्यालय और आवास दोनों है, फिर भी किसी को कानों कान खबर नहीं है।

# बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध डीटीएफ ने चलाया अभियान



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स टीम ने मंगलवार को सिद्धार्थनगर, सोंहस, लोटन एवं ठोठरी में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर 11 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 07 नियोजकों सिद्धार्थ बेकरी थरौली, बुद्धनगर स्थित फर्नीचर की दुकान, नौशाद ऑटो गैरज, अंसारी ऑटो गैरेज, संजय ऑटो सर्विस पार्ट सेन्टर, रविउल्लाह किराना स्टोर, न्यू चौरासिया ऑटो पार्ट्स एवं सर्विस सेन्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में मंगलवार को 11 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 07 नियोजकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर नियोजकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। अभियान में मुख्य रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, एएचटीयू से उप निरीक्षक भीम सिंह, वरिष्ठ सहायक जीडी तिवारी, आरक्षी आशुतोष सिंह, डिटीएफ सदस्य जय प्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

# चिकित्सकों की लापरवाही से मरीज बेहाल, इटवा में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं

असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र इटवा में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सुर्खियों में है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में तैनात डॉक्टरों और स्टाफ की लापरवाही के कारण मरीजों को गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में अव्यवस्था के हालात इतने खराब हैं कि लोग घन्टों इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं। मरीजों व परिजनों द्वारा लगाये गये गम्भीर आरोप लगाये गये हैं कि आपातकालीन स्थिति में भी इलाज में घन्टों देरी लगती है, जिस वजह से कई मरीजों की स्थिति गम्भीर हो जाती है। बुनियादी जांच और दवाएं भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जातीं, जिसके चलते मरीजों को बाहर से महंगे दामों पर दवाएं खरीदना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टरों की अनुपस्थिति, लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से जनता बेहद आक्रोशित है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ढीली कार्य प्रणाली का खामियाजा गरीब और ग्रामीण मरीज भुगत रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कराने और लापरवाह डॉक्टरों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त हो सकें।

# आगरा में जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियानः यातायात व्यवस्था की समीक्षा

वेलकम इंडिया



आगरा में पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार एवं अपर पुलिस उपायुक्त यातायात हिमांशु गौरव द्वारा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (ऋऊ) अभियान के तहत क्रिटिकल कॉरिडोर लोकेशन का जमीनी स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु को पूर्णतः रोकना तथा आम-जनमानस को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात ने दुर्घटना-रोधी रणनीतियों पर विशेष जोर देते हुए आवश्यकता अनुसार सुधार कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने हेतु संबंधित विभागों, क्षेत्रीय पुलिस बल तथा यातायात कर्मियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस उपायुक्त यातायात ने कहा कि जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (ऋऊ) अभियान तभी पूर्ण रूप से सफल होगा, जब प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ नागरिक भी यातायात नियमों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, हेलमेट-सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने पर कठोर कार्यवाही जैसे बिंदुओं पर भी बल दिया।इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न ब्लैक स्पॉट्स(क्रिटिकल कॉरिडोर) जहाँ दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है, उन स्थानों का भ्रमण कर वहाँ की वर्तमान यातायात व्यवस्थाओं, सड़क संरचना, संकेतों, रोशनी तथा सुरक्षा उपायों की व्यापक समीक्षा की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात ने कहा कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आगरा आईएसबीटी में संदिग्ध बॉक्सः फायर वर्क मिला, पुलिस जांच में जुटी



वेलकम इंडिया

आगरा के आईएसबीटी बस स्टैंड पर सोमवार रात 8:45 बजे एक संदिग्ध बॉक्स मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स और बम डिस्पोजल स्क्वाड मौके पर पहुंच गया और आईएसबीआईटी को खाली करा दिया गया। बॉक्स की जांच में पता चला कि उसमें शादियों में आतिशबाजी के लिए इस्तेमाल होने वाला फायर वर्क था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह बॉक्स किसने और क्यों भेजा था। इस घटना से आईएसबीटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना आगरा पुलिस की सतर्कता और कार्रवाई का एक उदाहरण है, जो समय पर सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करके बड़े हादसों को रोकने में सक्षम है। पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह फायर वर्क कहां से आया था और इसका उद्देश्य क्या था।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत पर थाने में मायका वालों ने किया हंगामा



असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के थाना क्षेत्र इटवा अन्तर्गत सिरसिया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद मंगलवार को इटवा थाने में उस वक्त अफरा-तफरी (हंगामा) मच गई, जब मायका पक्ष एम्बुलेंस में शव लेकर पहुंचे और पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना व गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गया। मृतका की पहचान थाना सोनहा क्षेत्र के सोनहा गांव निवासी 25 बर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई है, जिसकी शादी 04 वर्ष पहले सिरसिया गांव निवासी युवक से हुई थी। लक्ष्मी की 03 वर्ष की एक मासूम बेटी भी है। वहीं परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और रविवार को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि उन्हें मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे, जहां परिस्थितियां संदिग्ध मिलीं। उनका दावा है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला है। इसी को लेकर वे शव को एम्बुलेंस में लेकर इटवा थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मायके पक्ष ने तीन दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई मांग किया। मायका पक्ष ने कहा कि घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गये। रोड जाम कर परिजन मुकदमा लिखने की बात पर अभी तक अड़े हैं।

# ग्राम पंचायत मड़नी के मनरेगा कार्यों में किया जा रहा फजीर्वाड़ा, रोजगार सेवक द्वारा उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत मड़नी में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मंगलवार को दोपहर बाद करीब दो बजे संवाददाता ने कार्य स्थल पर पहुंच कर सच्चाई जानने का प्रयास किया, लेकिन घन्टों इंतजार के बाद भी कार्य स्थल पर कोई मजदूर नजर नहीं आया। वहीं कार्य स्थल पर कोई शाइन बोर्ड भी नहीं लगा दिखाई दिया।

कार्य कोड : 3151004068/छऊ/958486255824892957, ट२१ ठङ्क. : 6428, कार्य का नाम : असगर के खेत से राजेन्द्र के खेत तक चकरोड मिट्टी पटाई कार्य के नाम पर करीब 50 लोगों का मास्टर रोल भरा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो सुबह के समय कार्य स्थल पर मनरेगा श्रमिकों का हाजिरी लगाने का नियम है, लेकिन रोजगार सेवक द्वारा मनमानी कर शाम के समय कुछ चुनिन्दा लोगों को खड़ा कर फोटो अपलोड कर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। जिसमें बढ़नी ब्लाक के जिम्मेदारों की लापरवाही या मौन सहमति को दर्शा रहा है। वहीं मौके पर मौजूद गांव निवासी बबलू ने बताया कि उसका भी जाब कार्ड बना है। लेकिन उसे काम नही दिया जा रहा है, रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान सिर्फ अपने चहेते लोगों का फर्जी मास्टर रोल भरकर घोटाला किया जा रहा है।

# काशी तमिल संगमम 4 का हुआ भव्य शुभारंभ,तमिल डेलिगेट्स ने क्रूज से निहारी काशी की अद्भुत संस्कृति

(संतोष कुमार सिंह )



**वाराणसीः-** ज्ञान,आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक एकता की प्रतीक नगरी वाराणसी एक बार फिर ऐतिहासिक अवसर की साक्षी बनी,जब काशी तमिल संगमम्झ4 का भव्य शुभारंभ पूरे उत्साह और पारंपरिक वैदिक रीति के साथ किया गयो डेलिगेट्स ने इस आयोजन में हिस्सा लिया जिसका उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत को एक सूत्र में पिरोना है शुभारंभ समारोह के बाद तमिल डेलिगेट्स को वाराणसी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने हेतु उन्हें गंगा क्रूज यात्रा पर ले जाया गयो सभी अतिथि गंगा के शांत जल पर तैरते हुए काशी के प्राचीन घाटों की भव्यता से अभिभूत दिखें नाव के डेक पर खड़े होकर डेलिगेट्स ने अस्सी घाट से लेकर पंचगंगा घाट तक के सुंदर दृश्यों को अपने कैमरों में कैद कियो सांध्य वेला में गंगा तट पर जलते दीपों का मनोहारी दृश्य,घाटों पर अविरल चल रही पूजा-पद्धतियां और हवा में बहती सुगंध इन सबने यात्रियों को एक दिव्य अनुभव प्रदान किया क्रूज यात्रा के पश्चात सभी ने विश्वप्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट पर होने वाली भव्य गंगा आरती का दर्शन किया मंत्रोच्चार,घंटों-घड़ियालों की ध्वनि और हाथों में दीप लिए पुरोहितों के सामूहिक नृत्यात्मक हावभाव ने वातावरण को आध्यात्मिक चेतना से भर दियो तमिल डेलिगेट्स गंगा आरती के दौरान भावविभोर होते हुए दिखाई दिए कई अतिथियों ने कहा कि वे इस दिव्य क्षण को कभी नहीं भूल पाएंगे तमिलनाडु से आए छात्रों ने काशी की संस्कृति और यहां की जनता द्वारा मिले स्नेह की खुलकर प्रशंसा की एक छात्र ने कहा काशी में हमें अद्भुत प्रेम मिला है यहां लोगों की सरलता और आध्यात्मिकता ने हमें बेहद प्रभावित किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हम धन्यवाद देते हैं।

# वाराणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने लालपुर पाण्डेयपुर थाने के नव-निर्मित भवन का किया उद्घाटन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा लालपुर-पाण्डेयपुर थाने के नव-निर्मित भवन का दो दिसम्बर मंगलवार को ैविधि- विधानॆ पूर्वक फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस दौरान उन्होंने थाने के भवन निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का विस्तृत निरीक्षण भी किया तथा मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाए। उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं कानून-व्यवस्था) शिवहरी मीणा, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्रीमती नीतू, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन वैभव बांगर, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन ईशान सोनी सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# वणक्कम काशी और हर-हर महादेव के उद्घोष से अभिवादन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वणक्कम काशी और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ सभी अतिथियों का तमिल भाषा में स्वागत किया उन्होंने कहा कि रामेश्वरम की पवित्र भूमि से पधारे सभी आगंतुकों का उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों की ओर से अभिनंदन है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में काशी तमिल संगमम् का यह चौथा संस्करण एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ और जीवंत कर रहा है उन्होंने कहा कि काशी और तमिल परंपरा के प्राचीन संबंधों के केंद्र में भगवान शिव हैं इस संबंध-सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्र पीठ स्थापित कर आगे बढ़ायो मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह प्रवास काशी की शिवभक्ति, प्रयागराज का संगम और अयोध्या में धर्मध्वजा आरोहण के उपरांत प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन का अद्वितीय आध्यात्मिक सौभाग्य प्रदान करेगो यह आयोजन उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक,शैक्षिक, आर्थिक और आध्यात्मिक साझेदारी को सशक्त करते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य के नए द्वार खोल रहा है इस वर्ष की थीम तमिल सीखें प्रेरक है जो ज्ञान,संस्कृति और भाषा के माध्यम से एक भारत-श्रेष्ठ भारत को और सुदृढ़ करेगी *तेनकासी से प्रारंभ कार यात्रा का उल्लेख* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष तेनकासी (तमिलनाडु) से प्रारंभ हुई कार रैली को आयोजन का प्रमुख आकर्षण बताया उन्होंने कहा कि दो हजार किलोमीटर की यह यात्रा काशी की पवित्र भूमि से गहरे संबंधों का स्मरण कराती है पांड्य राजवंश के महान शासक आदिवीर पराक्रम पांडियन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा उत्तर की दिशा में उनके प्राचीन मार्ग की पुनर्स्मृति है शिव मंदिर और तेनकासी की कथा तमिल और भारतीय सांस्कृतिक इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में चल रहा यह अभियान ज्ञान, साधना,सांस्कृतिक एकता और साझा भारतीय सभ्यता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा यह आयोजन तीर्थ परंपरा, भावनात्मक एकता और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा आधुनिक संबंधों को प्रगाढ़ करता है उन्होंने संस्कृत श्लोक अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवंतिका पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः का उल्लेख करते हुए भारत के सात पवित्र नगरों की महिमा बताई महर्षि अगस्त्य द्वारा रचित आदित्य हृदय स्तोत्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह वही स्तुति है जिसे महर्षि अगस्त्य ने रावण से युद्ध से पूर्व श्रीराम को सुनाया था उन्होंने कहा कि महर्षि अगस्त्य,आदि गुरु शंकराचार्य,संत तिरुवल्लुवर,जगद्गुरु रामानुजाचार्य, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान व्यक्तित्वों ने दक्षिण भारत से निकलकर पूरे देश में ज्ञान का प्रकाश फैलाया।

### काशी में तमिल परंपरा की जीवंत उपस्थिति

मुख्यमंत्री योगी ने काशी के केदार घाट,हनुमान घाट और हरिश्चंद्र घाट का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां तमिल संस्कृति आज भी जीवंत दिखाई देती है उन्होंने आईआईटी मद्रास और बीएचयू की संयुक्त शैक्षिक योजनाओं को राष्ट्रीय एकता की दिशा में प्रेरक कदम बताया उन्होंने बताया कि आगंतुक अपने प्रवास के दौरान प्रयागराज और अयोध्या भी जाएंगे।

# मांट दस्तावेज लेखक एसोसिएशन हुई रजिस्टर्ड, ब्रज स्थलीय दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के नाम से जाना जाएगा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/मांट।** मंगलवार को मांट दस्तावेज लेखक एसोसिएशन को सभी की सहमति से रजिस्टर्ड कराया गया जिसमें उपनिबंधक संदीप कुमार ने सहमति देकर शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि इससे दूर दराज से आने वाले लोगों को सहूलियत होगी और समस्याओं का जल्दी निस्तारण किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हमारा काम लोगों को सुविधा प्रदान करने का है। एसोसिएशन के संबंध में कहा कि हम मिलकर आपसी सहयोग से हर समस्या का निदान कर सकते हैं। अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सभी दस्तावेजों की मांग पर इस संगठन का गठन किया गया है जिसमें सभी लोगों को शामिल किया गया है हम सभी अपने साथियों के कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे जो भी परेशानी होगी उसका बैठकर समाधान करने की कोशिश की जाएगी ।एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी गोपाल नारायण अग्रवाल ने कहा कि आज अपने संगठन के बनने से अपार खुशी हो रही है में आशा करता हूँ ये संगठन आगे चलकर अच्छी तरह से काम करेगा। इस अवसर पर उपनिबंधक का आभार प्रकट किया गया ,सभी दस्तावेज लेखकों ने उपनिबंधक संदीप कुमार,कमलेश कुमार बाबू तथा समस्त स्टाफ का मुंह मीठा कराया।

# धूमधाम से मनाई अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती

**मथुरा/छाता।** रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, भक्तिमुक्ति प्रदायनी गीता जयंती बड़े सद्भाव से मनाई गई। मंदिर में श्रीमद भगवद गीता जी का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलन किया गया सात विप्रो को गीता भेंट की गई। गौरव अविरल शास्त्री ने बताया गीता हमारे जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करती है,गीता का ज्ञान श्री कृष्ण से अर्जुन ने प्राप्त किया था, भगवद गीता भगवान श्री कृष्ण की वाणी है जो व्यक्ति के कर्म करने की प्रेरणा देती है। जिनके जीवन में गीता का ज्ञान होता है वो प्राणी कभी चिंतित नहीं होता है। जीवन के युद्ध हमें स्वयं ही लड़ने होते है चाहो तो कृष्ण सारथी बन सकते है ।उपस्थित जनों में अमर चंद पुजारी, योगेश कुमार, नवनीत शर्मा, मोहित लवानिया, पावन, सौरभ शर्मा आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने एसआईआर अभियान के सम्बंध में की प्रेस वार्ता



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में सभी मीडिया बंधुओं के साथ प्रेसवार्ता की। जिलाधिकारी ने सभी मीडिया बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, संबंधियों तथा आस-पास के क्षेत्रवासियों आदि को गणना प्रपत्र भरकर शीघ्र बीएलओ को उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आप अपने समाचार पत्रों एवं चैनल के माध्यम से उक्त संदेश को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचा सकते है, जिससे लोग बढ़-चढ़ कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में तत्परता के साथ अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने में मीडिया अहम भूमिका निभाता है। मीडिया के माध्यम से प्रशासन जन-जन तक पहुंचकर जागरूकता फैलाता है। आप सभी मीडिया बंधु विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को बल देते हुए उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करे।

# आयुर्वेद विभाग द्वारा आशा कार्यकत्रीयों एवं एमपीडब्ल्यू को दिया गया आयुर्वेद चिकित्सा प्रशिक्षण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** आयुर्वेद विभाग द्वारा आशा कार्यकत्रीयों एवं एमपीडब्ल्यू हेतु आयुर्वेद चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ निष्ठा शर्मा कोहली द्वारा भगवान धनवंतरी के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद में आयुर्वेद विभाग के संचालित 11 आयुष्यमान आरोग्य मंदिरों के क्षेत्रांतर्गत आशा कार्यकत्रियों एवं एम पी डब्ल्यू के लिए किया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ एजल पटेल एवं डॉ बिपिन चंद्र के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को समुदाय में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का प्रचार प्रसार, स्वस्थ जीवन शैली,एनसीडी स्क्रीनिंग,योग,आहार विहार, ऋतुचर्या, दिनचर्या, पंचकर्म,मर्म चिकित्सा और पोषण से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद के आयुष मिशन के नोडल अधिकारी डॉ संजय आगरी एवं डीपीएम गौरव बिष्ट उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ एजल पटेल के द्वारा किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण में कुल 43 आशा कार्यकत्री/एम पी डब्ल्यू को प्रशिक्षित किया गया।

# बदमाशों से मुठभेड़,क्रॉस फायरिंग में दो घायल सहित तीन बदमाश गिरफ्तार



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार बिष्ट पुलिस टीम ने की कार में लिफ्ट देकर लूट करके भाग रहे बदमाशों से हुई मुठभेड़,क्रॉस फायरिंग में दो घायल सहित तीन बदमाश गिरफ्तार ।छः बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि वैगनआर कार सवार तीन बदमाशों के द्वारा थाना हापुड़ नगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति को अपनी कार में लिफ्ट देकर उसे तमंचा दिखाकर उसके बीस हजार रुपये छीनकर भाग रहे हैं,उक्त सूचना पर थाना हापुड़ नगर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी करके मात्र एक घंटे के अन्दर बाद पुलिस मुठभेड़ लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से लूट की घटना से सम्बन्धित बीस हजार रुपये नकदी शत-प्रतिशत तीन अवैध तमंचे मय जिन्दा व खोखा कारतूस एवं लूट की घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद।

प्रारम्भिक पूछताछ में घायल/गिरफ्तार बदमाशों ने अपने नाम आसिफ उर्फ कल्लू पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मियां वाली चौपाला कस्बा व थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर (घायल)और आसिफ पुत्र कल्लू खान निवासी मौहल्ला उस्मान गढी कस्बा डासना थाना वैव सिटी जनपद गाजियाबाद घायल व फारूख पुत्र मौहम्मद रफीक निवासी मौहल्ला मुर्गी फार्म डासना थाना वैव सिटी जनपद गाजियाबाद बताया है ।गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं,जिनके विरूद्ध जनपद हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व बुलन्दशहर में डकैती,लूट व आर्म्स एक्ट आदि के करीब एक दर्जन से अधिक अभियोग मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कंपोजिट विद्यालय गंगेरू में मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम आयोजित




संवादाता मोहसिन रहमानी

कांधला। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गंगेरू में मंगलवार को मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक वकील अहमद ने शिरकत की ।मुख्य अतिथि ने विद्यालय के स्थापना वर्ष, भवन निर्माण तथा प्रारंभिक दशकों की परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1950 में स्थापित यह विद्यालय क्षेत्र के 30झ40 गांवों के बच्चों की शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। उस समय विद्यालय दो शिफ्टों में चलता था तथा रात में भी कक्षाएं लगती थीं। यह जानकर छात्र-छात्राएं आश्चर्यचकित रह गए ।बताया कि इस विद्यालय से पढ़कर कई छात्र आईएएस, आईपीएस सहित उच्च पदों पर पहुंचे हैं। साथ ही उन्होंने गांव गंगेरू के इतिहास और यहां के प्रमुख उद्योग कंबल निर्माण, जो विदेशों तक प्रसिद्ध है, की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाली गई। विद्यालय में कुर्सी दौड़, वाद-विवाद, निबंध, तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त विद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# जनता दरबार लगाकर विधायक ने किया समस्याओं का समाधान

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर खुर्जा कैंप कार्यालय पर खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह ने जनता दरबार लगाकर क्षेत्र व जिले से आए लोगों की समस्या सुनी समस्या सुनने के बाद अधिकारियों से फोन के माध्यम से वातार्लाप कर समस्या का समाधान किया ।वही सभी लोगों ने खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह का धन्यवाद व आभार जताते हुए कहा कि विधायक हमेशा सेवा कार्य करती रहती हैं और लोगों की मदद में सबसे आगे रहती हैं खुर्जा विधायक खुर्जा ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्र से आए लोगों की भी मदद करती है ऐसी विधायक की हम प्रशंसा करते हैं आगे भी ऐसे ही सभी लोगों की सेवाएं करती रहे और खुर्जा का निरंतर विकास कार्य होता रहे।

# श्री गीता एक अध्यात्मिक विज्ञान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया




**मथुरा/वृंदावन।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वृंदावन में संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षु छात्र व छात्राओं ने अठारह अध्याय- अठारह श्लोक कार्यक्रम के अंतर्गत संगीतमय प्रस्तुति दी। मणिपुर की रंग निकेतन सोसाइटी की ओर से गीता विद्वान अमरजीत सिंह ने गीता की सर्वव्यापी स्वीकारोक्ति विषय पर व्याख्यान में कहा कि गीता ग्रन्थ को किसी एक धर्म विशेष से नहीं बांधा जा सकता। इस ग्र ?थ में सभी समस्याओं का हल है। ये मानव को जीने का रास्ता बताती है। भक्ति वेदांत सोसाइटी सिंगापुर के अध्यक्ष अनुकम्पन दास ने संगीतमयी गीता गीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना और ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद्र शर्मा ने किया। पुरातत्वविद चंद्रू रमेश ने मथुरा के पुरातत्व संपदा के उत्खनन कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। जयंती के प्रथम दिवस का संयोजन व समन्वयन गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार का रहा। मोक्षदा एकादशी के उपलक्ष्य में दूसरे दिन श्री गीता-एक अध्यात्मिक विज्ञान विषय पर संगोष्ठी के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। श्री गीता एक अध्यात्म विज्ञान विषयक संगोष्ठी में गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन (ॠ५ा) के संस्थापक श्री वृंदावन चंद्र दास ने गीता के गूढ रहस्यों को सरलता से समझाया। प्रारंभ में अतिथि स्वागत गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने किया।

# सड़क दुर्घटना में सराफा व्यापारी की मौत, बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर तीन दिन पूर्व बाइक सवार सराफा व्यापारी की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए बाइक नंबरों के आधार पर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कैराना निवासी अमित वर्मा ने बताया कि विगत 30 नवंबर को उसका भाई विकास थाना क्षेत्र के एलम अपने परिचित से मिलने के लिए आया था। और देर रात अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसका भाई एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से आए हरियाणा नंबर के अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी थी। आरोपी अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया था। घटना के निकट मौजूद कस्बा निवासी इरफान पुत्र शरीफ ने आरोपी बाइक सवार को भागते हुए देख लिया था। पुलिस की मदद से घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पुलिस ने बाइक नंबरों के आधार पर आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# जिले के सभी कार्यकताओं ने नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे स्वागत किया



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद की जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भाजपा ने कविता माधरे को सौंपी है। मंगलवार को पत्रकारों से प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्रीय मंत्री कविता माधरे को जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर उन्होंने कविता माधरे को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका कार्यकाल सफल होगा। वह सभी को साथ लेकर चलेंगी ।भाजपा उनके नेतृत्व में प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करेगी ।आगामी चुनाव में अच्छे परिणाम आने की उम्मीद है। उन्हें विश्वास है कि जिले को वह प्रदेश में प्रथम स्थान पर लेकर आएंगी ।वहीं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने इस अवसर पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यह आधी आबादी का सम्मान है,पूरे भारत की माता बहनों का सम्मान होगा ।वह समर्पित होकर ईमानदारी से कार्य करेंगी ।भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष कविता मधारे जी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कार्यकताओं की जुलूस एवं जन समर्थन में जगह-जगह एवं आम जनमानस में अपने जिला अध्यक्ष का बड़े ही उत्साह के साथ जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद शिसोदिया निवर्तमान जिला अध्यक्ष नरेश तोमर जी क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता,अशोक बबली जी जिला कोषाध्यक्ष कपिल जी रट सदर विधायक विजय पाल आढ़ती,मदन चौहान,पूर्व जिलाध्यक्ष संजय त्यागी और जिला महामंत्री मोहन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मनोज तोमर,श्योमेंन्द्र त्यागी, मंडल महामंत्री सतीश सिंघाल सभासद पति भूपेंद्र सिंह मंडल मंत्री मुदित गोयल संजीव शर्मा,कविता बाना,ओर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतरों से भरा ट्रक गायब, राजस्थान पुलिस ने आरोपी को दबोचा

कांधला। राजस्थान पुलिस ने संतरों से भरे ट्रक को गायब करने के मामले में क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक युवक को हिरासत में ले लिया है। हिरासत में लेने के बाद पुलिस आरोपी को अपने साथ राजस्थान ले गई ।राजस्थान राज्य के थाना भिवानी मंडी, जिला झालावाड़ निवासी एक व्यापारी ने सोनू पुत्र खुर्शीद, निवासी कस्बा एलम, पर 720 पेटी संतरा से भरे ट्रक को गायब करने का गंभीर आरोप लगाया था। व्यापारी की तहरीर पर राजस्थान पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। गत सोमवार देर शाम थाना भिवानी मंडी के एसआई सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल दीपेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल तेजेंद्र सिंह थाने पर आमद दर्ज कराने पहुंचे। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी के घर पर दबिश दी गई, जहां से सोनू को हिरासत में ले लिया गया कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने थाने पर आमद कराई थी और एक आरोपी को हिरासत में लेकर अपने साथ राजस्थान रवाना हो गई है।

# डबल इंजन की सरकार में राज्य सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर-मथुरा दत्त जोशी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**,भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार के चलते विकास की रफ्तार दोगुनी हुई है और पीएम नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का स्वप्न मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में तेजी से साकार हो रहा है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए जोशी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि लोग समझ सकें कि राज्य में विकास अब जमीन पर दिख रहा है। राज्य निरन्तर विकास की बुलंदियों को छू रहा है, राज्य के विकास हेतु अनवरत विकास कार्य किए जा रहे हैं, अंतिम छोर तक विकास पहुंचे, जनजन के विकास हेतु सभी क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।कर्णप्रयाग तक रेल लाइन पहुंचने से पहाड़ के लाखों लोगों को राहत मिलेगी,जबकि जल्द टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन का निर्माण कराया जाएगा। रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।उत्तराखंड में लाइफलाइन बन रही यह परियोजना हिमालयी क्षेत्र को देश से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी राज्य ने पिछले वर्षों में उत्कृष्ट कार्य किया है। लंपी सौंग, लखवाड़, जमराड़ी जैसी परियोजनाओं परतेजी से कार्य हो रहा है।ऊर्जा क्षेत्र में भी राज्य ने पिछले वर्षों में उत्कृष्ट कार्य किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने लाखों किसानों को आर्थिक राहत दी है। फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई कर किसानों को सुरक्षा दी जा रही है। ग्रामीण सड़क योजना ने दुर्गम इलाकों में सड़क नेटवर्क तथा दुरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर संचार व्यवस्था हेतु सभी स्थानों में उचित संचार व्यवस्था हेतु संचार टावर स्थापित किए जा रहे हैं।कहा कि प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है।राज्य के लोगों के अधिकारों को सुरक्षित रखने हेतु हिमालयी राज्यों मेंबेस्ट एजवेंचरइसी तरह मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी राज्य को हिमालयी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में 'सर्वश्रेष्ठ राज्य' का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ। पर्यटन क्षेत्र में उत्तराखण्ड को ?बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन? और पर्यटन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है। राज्य को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के अंतर्गत मोस्ट फिल्म फ्रेंडली पुरस्कार मिला है।

# पुरानी पेंशन बहाली, और लगाए जा रहे मुकदमे वापस नही हुए तो आंदोलन तेजकरने की चेतावनी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली की मांग को लेकर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम ने विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। 25 नवंबर को दिल्ली में हुई रैली में अधिक संख्या में शामिल होने पर एफआईआर दर्ज की गई। कर्मचारियों ने सरकार के इस दमनकारी कदमों के खिलाफ विरोध किया और आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेताया कि कर्मियों के मांगो की अनदेखी और उन्हें जबरन कानूनी पचड़े में घसीट कर उन पर हुए मुकदमे जल्द वापस नही लिए गए तो कर्मचारी एकता ऐसी दमनकारी नीति के खिलाफ एकजुट होकर इसका कड़ा जबाब देगी।25 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर में आयोजित रैली में अनुमति से अधिक संख्या में कर्मचारी-शिक्षक साथियों के शामिल होने पर प्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने विकास भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सँगठन से जुड़े कर्मियों ने आरोप लगाया कि पेंशन बहाली की आवाज को दबाने के लिए सरकार दमनकारी कदम उठा रही है।कर्मचारी अपने हितों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।ऐसे में सरकार को कर्मियों के साथ सकारात्मक वार्ता कर उसका समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए था पर आंदोलित कर्मियों पर मुकदमेदर्ज कराकर उन्हें डराने की कोशिश से कर्मचारी डरेंगे नहीबल्कि अपने हितों के लिए और अधिक एकजुट होकर अपना विरोध जताएंगे।चेतावनी दी कि कर्मियों को भेजे गए नोटिस वापस नही लिए गए तो देश भर के कर्मचारी एकजुट होकर सरकार को अपनी शक्ति का एहसास दिलाएंगे।उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते सरकार उचित निर्णय ले अन्यथा इसका समुचित जबाब दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### धार्मिक स्थलों पर तेज लाउडस्पीकर हटाने के सख्त निर्देश

**कांधला।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जारी किए गए दिशा–निर्देशों को सख्ती से लागू कराने के लिए स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाया। अभियान के तहत कस्बे के मंदिरों, मस्जिदों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पुलिस अधिकारियों ने तेज आवाज में बज रहे लाउडस्पीकरों की जांच की और निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक आवाज प्रसारित करने पर तत्काल उन्हें बंद करने व अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटाने के निर्देश दिए।कस्बा प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे और धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों, पुजारियों एवं मौलानाओं से विस्तृत बातचीत की। उन्होंने सभी धार्मिक संस्थानों को शासन के आदेशों का पालन अनिवार्य रूप से कराने पर जोर दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक धार्मिक स्थल को निर्धारित डेसिबल सीमा में ही ध्वनि उपकरणों का प्रयोग करना होगा तथा रात के निर्धारित समय के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।पुलिस ने यह भी चेताया कि यदि किसी भी धार्मिक स्थल पर आगे भी नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित व्यक्तियों पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ग्रामीण घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया है। बागपत जनपद के गांव ककड़ीपुर निवासी रमेश चंद किसी कार्य से कस्बा एलम में आया हुआ था।और वापस पैदल अपने गांव जा रहा था। ग्रामीण जैसे ही हाईवे पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण ग्रामीण गंभीर रूप से घायलहो गया। घायल की चीख–पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल ग्रामीण के परिजन घायल अवस्था में ग्रामीण को जिला अस्पताल लेकर चले गए।खबर लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

### झगड़ा कर रहे तीन लोगों का चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में रुपए की लेनदेन को लेकर तीन लोगों के बीच मारपीट हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी अमित व निखिल के बीच रुपए की लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई?मारपीट का बीच बचाव करने आए निखिल के भाई शिवकुमार के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीनों लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीनों लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए तीनों का चालान किया और भविष्य में झगड़ा ना करने की चेतावनी दी है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,शव पोस्टमार्टम को भेजा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नानूपूरी निवासी 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। परिवार जनों का रो–रोकर बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के गांव नानू पुरी निवासी ओमबीर काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ है और घर पर उसकी पत्नी 30 वर्षीय रितु परिजनों सहित रहती है। मंगलवार को महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिजन आनन,फानन में हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को लेकर अस्पताल ले जाने लगे तो महिला ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिवार जनों में कोहराम मच गया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने महिला के शव की जांच पड़ताल कर जांच नमूने लिए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चर्चा है कि महिला ने ग्रह कलेश के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि, महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण ने की फर्नीचर मिस्त्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी ग्रामीण में गांव के फर्नीचर मिस्त्री पर दरवाजे व विंडो लगाने के नाम पर लिए गए रुपए वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी ग्रामीण सोनू जावला ने बताया की उसने गांव के ही फर्नीचर मिस्त्री से कई महा पूर्व अपने घर पर दरवाजे व विंडो लगाने के नाम पर दो लाख 27 हजार रुपए एडवांस दिए थे। कई माह बीत जाने के बाद भी आरोपी मिस्त्री ने रुपए लौटाए और ना उसके दरवाजे विंडो लगाए। जब पीड़ित ने अपने रूपयों की मांग की तो आरोपी के परिवार के लोगों ने उसके साथ गाली–गलौज करते हुए रुपए देने से मना कर दिया। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंच कर आरोपी फर्नीचर मिस्त्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# काशी में वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का दिव्य महामंगल महोत्सव सम्पन्न हुआ

वेलकम इंडिया



बाबा विश्वनाथ की पावन धरती काशी में 23 नवम्बर 2025 को हरिहरपुर स्थित दि भारत सेलिब्रेशन लॉन एंड रिसॉर्ट में वैदिक परंपरा, संस्कृति और सात्विकता से ओतप्रोत सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। पाणिग्रही दीघार्युष इंजीनियर सौरीश शर्मा ह्यअमनह्ण एवं पाणिग्रहिता दीघार्युषी कु. प्रिंसी शर्मा का वैदिक विवाह 21 विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों के मध्य सम्पन्न हुआ। पूरा आयोजन साहित्यकार एवं संस्कृति-सेवी श्री रमेश कुमार शर्मा ह्यलेखकह्ण–प्रांत परावर्तन प्रमुख, विश्व हिन्दू परिषद, काशी प्रांत के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समारोह की गरिमा को परम-पूज्य महन्त कमल नयन दास शास्त्री जी महाराज, महामण्डलेश्वर नवनीत जी महाराज, आचार्य महन्त भारत भूषण दास जी, आचार्य महन्त रामेश्वर दास जी, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बिन्दू बहन जी सहित अनेक संत-महात्माओं की दिव्य उपस्थिति ने आलोकित किया। इस पवित्र अवसर को शुभकामनाएँ देने वालों में महामहिम राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रतिनिधि, ह्यपद्मश्रीह्ण सम्मानित विभूतियाँ, वरिष्ठ सामाजिक नेता, न्यायविद, शिक्षाविद एवं पत्रकार जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। लगभग 2000 2500 अतिथि सनातनी वेशभूषा में सम्मिलित हुए जिससे पूरा परिसर वैदिक सात्विकता से आलोकित रहा।

# बच्चों ने करीब से समझी पुलिस की भूमिका, रेड रोज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो का शैक्षिक भ्रमण



वेलकम इंडिया

**झांसी!** रेड रोज पब्लिक स्कूल, सिविल लाइंस, झाँसी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने आज पाठ के अंतर्गत पुलिस स्टेशन का एक विशेष शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पुलिस की वास्तविक भूमिका, उनकी जिम्मेदारियों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण उपस्थिति से परिचित कराना था। अक्सर बच्चे बैंक, पार्क या रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर तो कई बार जाते हैं, लेकिन पुलिस स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थान का अनुभव उन्हें बहुत कम मिलता है। इसके साथ ही समाज में प्रचलित कुछ भ्रांतियाँ—जैसे गलत करोगे तो पुलिस पकड़ ले जाएगी—बच्चों के मन में पुलिस की नकारात्मक छवि बना देती हैं।

# तमंचा दिखाकर सराफा व्यापारी से नगदी व जेवरात की लूट,मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के घसौली मार्ग पर सराफा व्यापारी के साथ हुई लूट कांड के मामले में पुलिस ने बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी सराफा व्यापारी ओमवीर वर्मा ने गांव इस्लामपुर घसौली में अपनी ज्वेलरी की दुकान का रखी है। पीड़ित व्यापारी के अनुसार वह सोमवार की देर शाम अपनी दुकान बंद कर अपने घर आ रहा था। पीड़ित के पास काला बैग था जिसमें सोने चांदी के जेवरात और बाइक के कागज सहित मोबाइल फोन था। पीड़ित व्यापारी जैसे ही घसौली,चढ़ाव मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से बाइक पर सवार आए तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर व्यापारी से सोने चांदी के जेवरात और पांच सौ रुपए नगद सहित मोबाइल फोन और बाइक की चाबी लूट कर फरार हो गए। पीड़ित सराफा व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लूट कांड की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर तुरंत क्षेत्र अधिकारी हेमंत कुमार व थाना पुलिस पहुंची और व्यापारी से जानकारी कर बदमाशों की तलाश की मगर बदमाशों का कहीं भी सुराग नहीं लगा। मंगलवार को पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए बदमाशों की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज खंगाली। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वृंदावन में राजपाल यादव की आध्यात्मिक झलक: प्रेमानंद महाराज से मुलाकात में छलकी भक्ति और मुस्कान

सनी कुमार केसरवानी
संवाददाता प्रयागराज



**वृंदावन।** बॉलीवुड के लोकप्रिय एक्टर और कमीडियन राजपाल यादव इन दिनों अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर चर्चा में हैं। सोमवार को उन्होंने वृंदावन स्थित आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अपनी तड़क-भड़कभरी फिल्मी दुनिया से दूर, यह मुलाकात श्रद्धा, भक्ति और मुस्कान से भरी हुई दिखाई दी। वीडियो में राजपाल यादव महाराज जी के सामने हाथ जोड़कर विनम्र भाव से बैठे नजर आते हैं। महाराज जी के पूछने पर—ह्लकैसे हो?, राजपाल हंसते हुए कहते हैं,

महाराज जी, आते-आते बहुत कुछ बोलने की तैयारी की थी, लेकिन आपके सामने आते ही सब भूल गया! इस पर पूरा कक्ष ठहाकों से गूंज उठा। अपने परिचित मजाकिया अंदाज में राजपाल आगे कहते हैं महाराज जी, मुझे लगता है अभी द्वापर युग चल रहा है। कन्हैया भी हैं, सखा मंडल भीह्व और मैं तो उसी मंडल का मनसुखा हूँ! उनकी इस बात पर प्रेमानंद महाराज सहित सभी लोग हंस पड़े। महाराज जी मुस्कुराते हुए बोले, जो पूरे देश के चेहरे पर हंसी लाता है, वह मनसुखा तो जरूर हैह्व नाम जपते रहो, राधे-राधे बोलते रहो। गौरतलब है कि मनसुखा, जिन्हें मधुमंगल भी कहा जाता है, भगवान श्रीकृष्ण के बालसखाओं में शामिल थे। मुलाकात के दौरान राजपाल यादव ने महाराज जी को दो मंत्र भी सुनाए और कहा कि उनके आशीर्वाद से वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट में लिख रहे हैं कि राजपाल की मुस्कान और महाराज जी का आशीर्वाद—दोनों अनमोल हैं। वृंदावन में यह भक्ति-रस से भरी मुलाकात एक्टर के आध्यात्मिक पक्ष की खूबसूरत झलक पेश करती है।

# उत्तरायणी मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पहली तैयारी बैठक

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,उत्तरायणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मेले को आकर्षक एवं भव्य बनाने संबंधी सुझाव दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार मेले को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग अभी से अपनी कार्ययोजना तैयार करें । उन्होंने निर्देश दिया कि मेले की सज्जा के अंतर्गत सभी दुकानों पर एक समान फ्लैक्सी बोर्ड लगाए जाएँ तथा सभी स्टॉल एकरूपता में स्थापित किए जाएँ, जिससे मेले की भव्यता और सौंदर्य में वृद्धि हो। जिलाधिकारी ने नगरपालिका को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, मुख्य स्थानों पर मोबाइल टॉयलेट, डस्टबिन और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्थाई शौचालयों में कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संस्थान को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के लिए अतिरिक्त स्टैंडपोस्ट लगाने, पुलिस विभाग को शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाने को लेकर तैयारी करने और परिवहन विभाग को यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग और उरेडा को मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, जबकि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखने को कहा गया। साथ ही मेले के लिए प्रस्तावित अस्थायी पुलों के निर्माण की कार्यवाही भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तरैणी मेला बागेश्वर की सांस्कृतिक पहचान है। मेले को भव्य बनाने में सभी विभागों और स्थानीय जनता का सहयोग महत्वपूर्ण है।विधायक पार्वती दास ने कहा कि मेले को भव्य बनाने हेतु मेला समिति को पर्याप्त सहयोग प्रदान किया जाएगा।मेलाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि मेले को भव्य बनाने के लिए पालिका द्वारा कोई कोरकसर नही की जाएगी।



# हैदर अली कर रहे हैं पंजाबी फिल्म द पंजाब ग्रेट रॉबरी मे काम



वेलकम इंडिया

**झांसी!** हैदर अली एक्टर ने बताया की वो पंजाबी फिल्म मे वार्ड बाय का रोल कर रहे हैं।इस फिल्म मे बड़े कालजारों मे शिल्पा शेट्टी के हस्बैंड राज कुंद्रा जी भी हैं जो हीरो के रोल मे हैं।पायल जी हीरोइन का रोल कर रही हैं।हैदर अली ने बताया की ये उनके करियर की 20 वी फिल्म हैं।इस फिल्म मे अखलाक मकरानी भी सरदार का रोल कर रहे हैं।हिना नर्स का रोल कर रही हैं ओर फराह भी मरीज के रिश्तेदार का रोल कर रही हैं।हैदर अली ने बताया की उनके दिल्ली के दोस्त डॉक्टर का रोल कर रहे हैं।हैदर अली ने बताया की ये साल उनके लिए बहुत अच्छा रहा हैं इस साल उन्हे 5 फिल्मो मे काम मिला हैं जिसमे फेमस डायरेक्टर प्रकाश झा की फिल्म जनादेश भी शामिल हैं।ये सब फिल्मो मे काम ऊपर वाले पर भरोसा रखने,ओर माँ बाप की दुआ ओर उनकी मेहनत से मिला हैं।हैदर अली ने बताया की यू टूब पर हैदर अली झाँसी के नाम से उनका चैनल हैं उसमे से आप हैदर अली के इंटरव्यू,शूटिंग के वीडियो,डायलॉग, हैं जिससे आप भी डायलॉग देखकर फिल्मो के लिए ऑडिशन दे कर काम कर सकते हैं।मैने बता भी रखा हैं की फिल्मो के लिए ऑडिशन कैसे देते हैं।मै अपने बुंदेलखंड के कलाकारों को फिल्मो मे काम दिलाता रहता हू।क्योंकि किसी की मदद करने से ऊपर वाला खुश होता हैं।हैदर अली ने बताया की उन्होंने अभी तक 500 से ज्यादा लोगो को फिल्मो मे काम दिला चुके हैं

## खुरपका-मुँहपका का कहर

**बुलंदशहर।** विभाग के अनुसार ग्राम बलरामपुर ( ऊँचागाँव ) में बीमारी की सूचना ग्राम प्रधान द्वारा 27 नवम्बर को दूरभाष के माध्यम से दी गई थी। सूचना मिलते ही पशुचिकित्सालय ऊँचागाँव की टीम ने गाँव में पहुँच कर बीमार पशुओं का उपचार शुरू किया। विभाग ने बताया कि आज 02 दिसम्बर को पशुचिकित्सालय ऊँचागाँव एवं पशुचिकित्सालय स्याना की संयुक्त टीमों ने पूरे गाँव में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें कुल 34 बीमार पशुओं का उपचार किया गया। बीमारी की रोकथाम के लिए अब तक 900 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है तथा शेष पशुओं का टीकाकरण लगातार चल रहा है। पशुचिकित्साधिकारी के अनुसार 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर के बीच कुल 6 पशुओं की मृत्यु दर्ज की गई है। आज 02 दिसम्बर को किसी भी पशु की मृत्यु नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया गया है और बीमारी अब नियंत्रित अवस्था में है।

# कोर्ट से घर लौटते समय युवक को मारी गोली गंभीर रूप से घायल हायर सेंटर रेफर



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर मंगलवार को थाना खुर्जा नगर के ककराला चौराहा के पास एक युवक को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई। थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे बेहतर उपचार हेतु हायर सैन्टर रैफर कर दिया गया है। युवक की पहचान अर्जुन पुत्र गणेशपाल निवासी मौ0 अहीरपाडा थाना खुर्जा नगर के रुप में हुई है। प्राथमिक जांच में जानकारी हुई है कि इस युवक की कुछ लोगों से पुरानी रजिंश चल रही थी। यह 307 भादवि के अभियोग में पूर्व में अभियुक्त था। एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह ने बताया है कि पुलिस को जांच पडताल में काफी अहम सुराग मिले है घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 05 टीमें गठित की गयी है। अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## खो-खो, कबड्डी व रेस में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम



संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया

मिजार्मुराद कछवारोड़। गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित एसएनएस नेशनल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी व रेस में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।सुबह से ही खेल मैदान में बच्चों की ऊर्जा, तालियों की गूंज तथा हौसले के साथ प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

प्रतियोगिता के पहले स्कूल के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह गौतम व भाजपा जिलामंत्री एवं प्रबंधक प्रवीण सिंह गौतम द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन किया गया।अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह गौतम ने कहां की खेल हमारे जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है समय-समय पर स्कूलों में इस प्रकार का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे बच्चों में ऊजाएं आती है।इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुधांशु सिंह गौतम, निदेशक डॉ. सिद्धार्थ सिंह गौतम, वीणा सिंह, मीरा सिंह, डॉ. वीणा सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, अमित यादव, बाबू राम, दामिनी सिंह, अर्चना, अंकिता, अजय सिंह, प्रतिमा, रहमान, जीवेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। धन्यवाद उपप्रधानाचार्य सीमा सिंह ने किया।

# सीएम हेमंत और कल्पना दिल्ली में किसे मिल रहे? क्या मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे के बाद सब कुछ बदल जाएगा

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** झारखंड के मुख्यमंत्री इन दिनों दिल्ली दौरे पर है।सबसे पहले बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली दौरे के बारे में कर लेते है. बीते तीन दिन से हेमंत सोरेन दिल्ली में है. उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद है. इस दौरे के बाद से ही चर्चा शुरू हुई की अब झारखंड में सरकार का चेहरा और गठबंधन बदलने वाला है.इससे पहले दिल्ली में भाजपा के नेताओं से मुलाकात भी हुई है.लेकिन इसके पीछे की कहानी कुछ और है.बिहार के बाद क्या झारखंड में भी गठबंधन को धक्का लगने वाला है. यह सवाल झारखंड में चर्चा में है. सीएम के चेहरा बदलने से लेकर भाजपा के साथ हाथ मिलाने की खबर सुर्खियों में है. जिससे राजनीतिक तपिश भी बढ़ी है और एक बेचैनी सी अंदर खाने मची है. आखिर मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे के बाद क्या सब कुछ बदल जाएगा. ऐसे में इस दिल्ली दौरे से लेकर झारखंड की कहानी पर बात करेंगे.आखिर पूरा खेल क्या चल रहा है. क्यों भाजपा और सबसे पहले बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली दौरे के बारे में कर लेते है. बीते तीन दिन से हेमंत सोरेन दिल्ली में है. उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद है. इस दौरे के बाद से ही चर्चा शुरू हुई की अब झारखंड में सरकार का चेहरा और गठबंधन बदलने वाला है.इससे पहले दिल्ली में भाजपा के नेताओं से मुलाकात भी हुई है.लेकिन इसके पीछे की कहानी कुछ और है.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में जरूर है. हो सकता है कि भाजपा नेताओं से भी मिले हो. लेकिन कहा मिले यह भी जान लेना जरूरी है. झारखंड के राज्यपाल के पुत्र का विवाह है. आज से करीब एक माह पहले राज्यपाल संतोष गंगवार ने खुद मुख्यमंत्री को सपरिवार इस शादी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था. ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रस्तावित कार्यक्रम भी राज्यपाल के बेटे के विवाह का ही है. वह शादी समारोह में शामिल होने दिल्ली गए है. इस शादी समारोह में कई नेता भी पहुंचे है. जिसमें भाजपा के भी शामिल है. और कई अन्य दल के लोगो को भी आमंत्रण था वह भी है.अब इसी शादी में मुलाकात और दौरे को लेकर झारखंड में कुछ जगह मीडिया में यह चर्चा शुरू हो गई की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली गए है और वहां सत्ता बदलने पर चर्चा शुरू हो गई।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे जिला कार्यालय गौरीगंज



वेलकम इंडिया

**गौरीगंज,अमेठी।** जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (रकफ) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी रहे। जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया तथा स्वागत भाषण के दौरान जनपद की वर्तमान स्थिति एवं रकफ अभियान में कार्यकताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने समीक्षा एवं संबोधन के दौरान कहा कि हमारा संकल्प है कि पात्र मतदाता का नाम कटने न पाए और अपात्र का नाम जुड़ने न पाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में मतदाता सूची में अनेक प्रकार की विकृतियां देखने को मिलती थीं—एक व्यक्ति का कई स्थानों पर नाम होना, विलोपित या विस्थापित व्यक्तियों के नामों का यथावत बने रहना आदि।

## बुगरासी में खाटू श्याम की शोभायात्रा बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ निकाली गई



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** सोमवार को खाटू श्याम की शोभा यात्रा कस्बे में दर्जनों बैंड बाजों व मनमोहक सुंदर-सुंदर झांकियो के साथ शोभा यात्रा निकाली गई खाटू श्याम की शोभायात्रा दुर्गा मंदिर से शुरू होकर मंगलवारा बाजार एल आई सी कार्यालय शनि बाजार तकिया वाला मोहल्ला भूड वाले से होकर चामुंडा मंदिर पर समाप्त की गई शोभा यात्रा के दौरान कस्बे वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जगह-जगह खाटू श्याम की शोभा यात्रा पर फूल बरसा की गई और खाटू श्याम की शोभायात्रा देखकर कस्बे वासी गदगद हुए। श्याम प्रेमियों ने मुख्य अतिथि संजीव त्यागी व उनके साथ आए सभी सम्मानित व्यक्तियों को राधा कृष्ण की चिन्ह भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। इस मौके पर श्याम प्रेमियों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव गर्ग भाजपा सांसद प्रतिनिधि किशन तायल मुकुल सिंघल सौरभ गर्ग विकास सिंघल धनेश तायल हर्ष गर्ग अभिषेक गर्ग गौरव गुर्जर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता कृष्ण दत्त त्यागी कस्बे के चेयरमैन ओम दत्त लोधी व कस्बे के श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में आयी सात समस्याओं में से दो का हुआ निस्तारण

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** आज जनसुनवाई में साफ-सफाई, अतिक्रमण व आवारा कुत्तों को पकड़वाने आदि आठ समस्याएं आयी, जिनमें से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का समाधान तत्काल करा दिया गया। शेश समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान वार्ड 47 मौहल्ला काहरान निवासी राजीव तोमर ने मौ. कहारान में नालियों की सफाई कराने तथा तथा वार्ड 58 के दिनेश जैन ने जैन मंदिर के निकट साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्रों को भेजकर तत्काल सफाई कराते हुए समस्या का समाधान कराया। इसके अलावा वार्ड संख्या 41 चंदोबाई कॉलोनी निवासी गोपाल गोयल ने कॉलोनी में बंद पड़ी नाली खुलवाये जाने के लिए के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सम्बंधित सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा वार्ड 19 न्यू गोपाल नगर निवासी संदीप ने विवाह समारोह आदि के दौरान सार्वजनिक रोड पर किये जाने वाले अतिक्रमण को हटवाने तथा वार्ड 58 मिश्रान स्ट्रीट खालापार के सचिन महेश्वरी ने मिश्रान से फूड प्रोसेसिंग यूनिट को हटवाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए जिस पर अपर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड 04 जे जे पुरम की प्रमिला देवी ने ग्रीन फिल्ड स्कूल के पास आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा गया।

जनसुनवाई में मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद व सहायक नगरायुक्त जे पी यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय व स्मार्ट सिटी के बीच हुआ एम ओ यू साइन



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** आज माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं एम.एस.यू. एकेडमिक फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर के दौरान माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई, सहारनपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ शिपू गिरि कंपनी सचिव शंकर तायल तथा एमएसयू एकेडमिक फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिनव पुंडीर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उपस्थित रहे। दोनों संस्थानों के बीच यह एमओयू साइन हो जाने से विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विभागों के छात्र अब सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा प्रोजेक्ट वर्क कर सकेंगे। यह पहल छात्रों को वास्तविक परियोजनाओं, नगरीय योजना, डिजिटल गवर्नेंस, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तथा नवाचार आधारित कार्यों का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करेगी। स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित परियोजनाओं, जैसे शहरी परिवहन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, आईटी एवं कमांड सेंटर, सांस्कृतिक एवं विरासत संरक्षण, जल प्रबंधन आदि में अब विश्वविद्यालय के छात्र प्रत्यक्ष सहभागिता करेंगे, जिससे उन्हें न सिर्फ कौशल विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि शहर के विकास में युवाओं की ऊर्जा भी शामिल होगी। दोनों संस्थानों ने यह विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी शहर को स्मार्ट, आधुनिक और नवाचार केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा युवाओं के लिए रोजगारपरक अवसरों के नए रास्ते खोलेगी।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा ने आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद में अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा ने आज हापुड़ में आए ए एस संतोष वर्मा के ब्राह्मणों की बेटियों पर दिए गए विवादित बयान पर आक्रोश व्यक्त किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी जी के निदेर्शानुसार, संगठन की पश्चिमी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंडित बिजेंद्र शर्मा की अगुआई में आज संगठन के कार्यकताओं ने आई ए एस संतोष वर्मा के घटिया बयान पर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें जिले के सैकड़ों कार्यकताओं ने हापुड़ में संतोष वर्मा के पुतले का पहले चप्पल जूतों से पीटा फिर चौराहे पर पुतले को आग लगाकर फूक दिया। साथ ही विरोध में नारे भी लगाए। इसके बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भीड़ जिलाधिकारी कार्यालय हापुड़ पहुंची और एस डी एम श्रीमती साक्षी शर्मा को पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा और मांग की। इस अवसर पर पश्चिम प्रदेश पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजेंद्र शर्मा, पश्चिम प्रदेश सचिव अनुज शर्मा, परशुराम सेना के पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर शर्मा, ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष



पंडित के सी पांडेय, जिला अध्यक्ष हापुड़ पंडित वेद प्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ हापुड़ मोहिनी शर्मा, जिला सचिव भगवान शर्मा , परशुराम सेना जिलाध्यक्ष पंडित अमित शर्मा, पंडित मुरलीधर शर्मा, जिला संरक्षक मांगू शर्मा, नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, नगर उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला कुमुद शर्मा, नगर सचिव महिला ओमवती, जिला सचिव शर्मा, संजीव शर्मा खारी कुआं हापुड़, जिला प्रभारी महिला प्रकोष्ठ ममता शर्मा, जिला संयोजक हापुड़ प्रदीप शर्मा, विधानसभा उपाध्यक्ष पंडित लखीचंद शर्मा, बाबूराम शर्मा संकटीला, नंदकिशोर त्रिपाठी शंकर टीला, पंडित शिवकुमार शर्मा आवास विकास हापुड़, गांधी विहार, पंडित घनश्याम शर्मा, नॉन पंडित जयपाल शर्मा , डा अनूप शर्मा, नान पंडित कुंचित शर्मा नान रिंकू शर्मा गिरधरपुर, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद पंडित रामकृष्ण शर्मा, जिला महामंत्री मनोहर लाल शर्मा, पंडित धर्मपाल शर्मा, पंडित जॉनी शर्मा तुमरेल, पंडित सुशील शर्मा बृजघाट, पं निरंजन शर्मा बृजघाट, पंडित नंदलाल शर्मा बृजघाट आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रतन लाल-सावित्री देवी गुप्ता मेमोरियल एन आर आइ छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में रतन लाल- सावित्री देवी गुप्ता मैमोरियल एन आर आई छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में कराया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत सत्र 2025 के मेधावी और प्रतिभाशाली छात्रों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए विद्यालय के पुरातन छात्र प्रोफेसर डॉ रमेश चंद गुप्ता, वर्तमान में सेवारत यूनिवर्सिटी ऑफ लो विलेकैन (यू एस ), जिन्होंने 1965 मे विद्यालय से 12 वी कक्षा उत्तीर्ण की, के अनुज भ्राता (सी ए) सुरिंदरपाल गुप्ता जिन्होंने 1968 में विद्यालय से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की, ने एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की।वर्तमान मे 1980 से नाइजीरिया में सेटल्ड,तथा अन्य भाई डॉ नरेंद्र पाल गुप्ता, डॉ अनिल गुप्ता एवं (सी ए) राजीव गुप्ता की। जिन्होंने इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की थी, ने अपने माता पिता स्वर्गीय रतन लाल एवं स्वर्गीय सावित्री देवी गुप्ता की याद में विद्यालय के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने एवं उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से 2022 से एक छात्रवृति योजना आरंभ की है जो आगामी पाँच वर्षों तक मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का काम करते रहेंगे। सी ए सुरेन्द्र पाल गुप्ता ने छात्रों को ऊँचे सपने देखने के लिए प्रेरित किया और कहा कि छात्रवृत्ति के अंतर्गत कक्षा 6-12 तक के सभी मेधावी छात्रों को 1000 से 3000 रुपये तक नगद प्रोत्साहन धनराशि देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए अपने विद्यालय के साथ साथ अपने माता-पिता और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र, प्रमुख समाजसेवी डॉ पवन सिंघल ने पुरस्कृत छात्रों के अतिरिक्त सभी छात्रों से आगामी परीक्षाओं में और अधिक मेहनत कर बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने एवं अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने की।प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देते हुए छात्रों को लगन,निष्ठा और ईमानदारी से अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी पुरुस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं दीं एवं गुप्ता परिवार को छात्रों को प्रोत्साहन देने पर हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रदेश स्तरीय संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में छाया स्कूल की माही ने बाजी मारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** संविधान दिवस पर आयोजित संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में छाया पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा माही ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 21000 नगद,ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। छात्रा माही की उपलब्धि पर स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदीनगर विधायक श्रीमती मंजू शिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी, चेयरपर्सन कुसुम द्विवेदी व प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा उसकी इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित कर आशीर्वाद दिया। डॉ मंजू सिवाच ने कहा कि छाया पब्लिक स्कूल आज खेल, शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश में ही नहीं देश में भी विशेष स्थान रखता है। माही की कामयाबी पर हमें गर्व है। अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि छाया पब्लिक स्कूल स्थापना कल से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहा है और उनके द्वारा तैयार किए हुए विद्यार्थी देश ही नहीं विदेश में भी अपना प्रचम लहरा रहे हैं और आने वाले समय में देश को छाया पब्लिक स्कूल द्वारा अनेक प्रतिभाएं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। माही ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन जिसने उसे विशेष स्कॉलरशिप शुरू से ही प्रदान की है, अपने माता-पिता व गुरुओं को दिया है। जिन्होंने उसे शिक्षा के साथ हर क्षेत्र का ज्ञान कराया और आज वह इस मुकाम पर पहुंची है इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पूर्व जन्म के पुण्यों व तप के प्रभाव से ही अच्छी संतान घर में आती है- अरविंद भाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कथा व्यास अरविंद भाई ओझा ने कहा कि हमारे पूर्व जन्म के पुण्य व तप के प्रभाव से घर में अच्छी संतति आती है।इसलिए हम सबको जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। कथा व्यास अरविंद भाई ओझा कस्बा फरीदनगर में श्री राम कथा के दौरान प्रवचन कर रहे थे। जाहरवीर बाबा मंदिर फरीदनगर में श्रीराम कथा में जन्म का उत्सव मनाया गया।राम जी के जन्म पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास अरविंद भाई ओझा ने कहा कि हमारे पूर्व जन्म के पुण्य व तप के प्रभाव से घर में अच्छी संतति आती है।उन्होंने कहा कि भगवान शिव और पार्वती भगवान राम का बाल रूप सर्वाधिक प्रिय हैं और जब अयोध्या में राम का जन्म होता है तो उनकी उस बाल लीलाओं को देखने के लिए स्वयं भगवान भोलेनाथ काकभूसुंडी के साथ उनके दर्शन करने अयोध्या आते हैं। भगवान शिव को राम का बाल रूप इसलिए प्रिय है क्योंकि बालक निश्चल और निर्मल मन का होता है और भगवान निर्मल मन के लोगों को ही प्राप्त होते हैं। जीवन जीने के तीन ही मार्ग है ज्ञान , कर्म और भक्ति इनमें भक्ति का मार्ग सबसे सरल मार्ग है इसके माध्यम से हम परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में 5-दिवसीय आह्वान स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ हुआ

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ )।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल (राज कुमार गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस द्वारा संचालित) में 5-दिवसीय भव्य खेल महोत्सव ह्लआह्वान ह्दि स्पोर्ट्स मीटह्व का शानदार शुभारंभ हुआ। 2 दिसंबर से 6 दिसंबर 2025 तक चलने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह की शुरूआत अतिथियों के हार्दिक स्वागत स्कूल बैंड और एनसीसी कैडेट्स व छात्र दलों की सुसंगठित, आकर्षक और तालबद्ध मार्च-पास्ट से हुई, जिसने विद्यालय के गर्व और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह और वाइस चेयरवुमन श्रीमती आंचल गोयल द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया। उनके प्रेरणादायक संदेशों ने आने वाले दिनों के लिए उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा को और बढ़ाया, साथ ही विद्यालय द्वारा खेलों के माध्यम से समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने निष्ठा, सत्यनिष्ठा और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प लिया। पांच विधाएं झ्र एक लक्ष्य आने वाले पाँच दिनों में विद्यालय का परिसर ऊर्जा और उत्साह से भर जाएगा। विद्यार्थी पाँच प्रमुख खेल विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। एथलेटिक्स, क्रिकेट, शूटिंग, ताइक्वांडो,खो-खो,शूटिंग और ताइक्वांडो जैसे विशेष खेलों को पारंपरिक खेलों—क्रिकेट और खो-खो—के साथ शामिल करना इस बात का प्रमाण है कि आरकेजी ग्लोबल स्कूल विद्यार्थियों को विविध खेलों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज कुमार गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संरक्षण में यह विद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में 'खो-खो, खेल का आयोजन हुआ

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बाल-बाड़ी पब्लिक स्कूल में 'खो-खो खेल का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक की छात्राओं ने भाग लिया।प्रधानाचार्य डॉक्टर नीरू जोशी ने कहा कि'खो-खो' एक स्वदेशी खेल है, जो युवाओं में ओज, स्वस्थ और संघर्षशील जोश भरने वाला है। जिसमें कक्षा आठवीं, नोवीं, दसवीं व कक्षा ग्यारवीं व बारहवीं की छात्राओं ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कक्षा नौवीं व कक्षा बारहवीं की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा नौंवी की छात्राएं विजयी रहीं। कार्यक्रम में चेयरमैन संजय जैन,निर्देशक विनय रुहेला,प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण ने सभी को आशीर्वाद दिया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोदीनगर पुलिस द्वारा हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शराब के 250 रुपए को लेकर दोस्त द्वारा ही इस हत्या को अंजाम दिया गया था।एसीपी अमित सक्सेना ने पत्रकारों को बताया कि मोदीनगर थाने पर गत एक दिसंबर को कविता पत्नी अनिल निवासी-ग्राम औरंगाबाद गदाना द्वारा आरोपी रोहित चौधरी पर उसके पति अनिल की हत्या कर देने के रूप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। मंगलवार को थाना पुलिस टीम द्वारा आरोपी रोहित चौधरी पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम रोरी थाना मोदीनगर गाजियाबाद हाल पता बादल मार्केट के पास चूना भट्टी थाना मोदीनगर गाजियाबाद को थाना क्षेत्र मोदीनगर से गिरफ्तार किया गया। एसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मैं और अनिल आपस में मित्र थे। हम दोनों साथ में बेलदारी का काम करते थे, हम दोनों मिलकर रोज शराब पीते थे। घटना के दिन हमारा काम नहीं लगा था तो हम दोनों ने साथ में मिलकर 500 रुपए की शराब खरीदी थी जिसके पैसे मेरे द्वारा दिये गये थे। हम दोनों एकान्त में बैठकर शराब पीने लगे, उसी दौरान मैंने शराब के 250 रुपए अनिल से मांगे तो अनिल ने पैसे देने से मना कर दिया जिसके पश्चात पैसों को लेकर हमारी कहासुनी ही गयी थी जिसके बाद अनिल ने उसे थप्पड़ मार दिए। आवेश में आकर उसने पास में ही पड़े लकड़ी के डंडे से अनिल के सिर पर कई वार किये जिस कारण उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद (आलाकत्ल) कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध थाना मोदीनगर पर वर्ष 2012 में एक चोरी का और 2017 में एक हत्या के मुकदमा भी दर्ज है।

# भूमि विकाश बैंक ने बड़े बकायादारों की सूची की सार्वजनिक

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**जनपद बिजनौर नगीना** ।प्र. उ. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि० (भूमि विकास बैंक) स्थानीय शाखा प्रबंधक ने बैंक के 2 करौड, 4लाख, 25 हजार, के 20 बड़े बकाया दारो की सूची जारी कर सार्वजनिक स्थानों पर फ्लेक्स बोर्ड चश्पा किए हैं स्थानीय मंडी मोलगंज स्थित भूमि विकास बैंक शाखा प्रबंधक ने अपनी जोत की जमीन बैंक में बंधक पर लोन लेने के बाद जमा ना करने पर बैंक के 20 बड़े बकाया दारो जिनमे रूपचंद जहानाबाद खोबरा 35 लाख 33 हजार, अतर सिंह नैनी बढ़ापुर 12 लाख 36हजार, चेतराम खानपुर मानक 12 लाख 68 हजार, चंद्रपाल सिंह शाह अलीपुर कोटरा 9लाख34 हजार, सोमनाथ इमामपुर तिगरी 9 लाख 12 हजार, कुंवर सिंह बंखला 8 लाख 94 हजार, धर्मपाल मखदुमपुर 9लाख 68 हजार, रामस्वरूप जहानाबाद खोबडा 8लाख40 हजार, फतेह सिंह खाना वाली 8 लाख 39 हजार, मंजू देवी समसपुर नसीब 8लाख 34 हजार, दिग्विजय सिंह तिगरी अनूप सिंह 8लाख34 हजार, वीरेंद्र सिंह बिंजा हेडी 8लाख16 हजार, गिरधारी साहू वाला गोसाई वाला 8लाख16 हजार, छोटे सिंह कोपा 8लाख03 हजार, तेजपाल किशनपुर 7 लाख 83 हजार, योगेंद्र सिंह पुरुषोत्तमपुर 7 लाख 83 हजार, सर्वेश कुमार जहानाबाद खोबडा 7लाख55 हजार, बेगराज सिंह हसन अलीपुर मान 7लाख 55 हजार, रामरति तकीपुर बेगा 7 लाख 51 हजार, योगेंद्र सिंह पुरुषोत्तम पुरम 7 लाख 83 हजार आदि शामिल है उधर शाखा प्रबंधक विध्याशंकर पाल ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि बैंक के बकाया दारों से शक्ति से वसूली की जाए।

# महिलाओं को साइबर क्राइम व सरकारी योजनाओं के बारे में किया जागरूक



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नजीबाबाद,** ग्राम लाहक कला थाना मंडावली में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक प्रभावशाली जनजागरूकता एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों सरकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन सुविधाओं की जानकारी गांव का अब तक पहुंचाना रहा श्रीमती संगीता जैन, सदस्य राज्य महिला आयोग, बाल कल्याण समिति टीम और थाना अध्यक्ष ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं, महिला हेल्पलाइन नंबरों और साइबर क्राइम जागरूकता के बारे में जानकारी प्रदान की।साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम के विभिन्न स्वरूपों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा, ओटीपी शेयरिंग के खतरे, साइबर बुलिंग, एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जो बैंक शाखा प्रबंधक जन कल्याणकारी योजनाओं मे लापरवाही एवं शिथिलता बरतेंगे उनको जिले में नहीं रहने दिया जाएगा : जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भी बैंक शाखा प्रबंधक शासकीय रोजगार परक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अपेक्षित सहयोग नहीं करेंगे अथवा लापरवाही एवं शिथिलता बरतेंगे उनको जिले में नहीं रहने दिया जाएगा।

उन्होंने विगत बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत प्रति बैंक शाखा को कम से कम 02 आवेदन पत्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके सापेक्ष आईडीबीआई बैंक, यूको बैंक तथा यस बैंक द्वारा शून्य, प्रथमा बैंक द्वारा आधा प्रतिशत तथा अन्य बैंकों की सभी शाखाओं द्वारा शत प्रतिशत रूप से प्रगति नहीं की गई है। उन्होंने बैंकर्स द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन न करने के फलस्वरुप कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिन बैंक शाखाओं द्वारा दो से कम आवेदकों के प्रार्थना पत्र स्वीकृत नहीं किए गए हैं। उनकी ओर से अर्द्धशासकीय पत्र लिखा कर उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए उनके जोनल हेड को प्रेषित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की स्थिति की समीक्षा करते हुए पाया कि 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों को 2288 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसके विरुद्ध 871 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृत कर 856 लाभार्थियों को ऋण वितरण कराया जा चुका है जबकि 696 आवेदन पत्र बैंक स्तर पर लंबित है तथा बैंकों द्वारा 882 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है। उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत जिन बैंकों में आवेदन लंबित हैं अथवा अस्वीकृत किए गए हैं उनके कारणों की जांच कर आख्या प्रस्तुत करें, ताकि तद्नुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक निखिल कुमार सहित विभिन्न बैंकों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से मिलने के लिए एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या को सौंपा ज्ञापन


**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार ,देश के प्रत्येक बच्चे को सस्ती और सुलभ शिक्षा के सपने को साकार करने एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिये लंबे समय से निस्वार्थ भाव से राष्ट्र हित मे कार्य कर रही है आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है आज देश की शिक्षा व्यवस्था को एक सूत्र में बांधने और शिक्षा के बढ़ते व्यापारीकरण को रोकने लगाने के लिये ₹एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड₹ के गठन की तत्काल आवश्यकता है जिससे कि देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक के प्रत्येक बच्चे को ₹सस्ती और सुलभ और समान शिक्षा₹ मिल सके। देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार , शिक्षा के व्यापारिकरण पर रोक , आरटीई अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने , देश के समस्त विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने जैसे अहम मुद्दों पर वार्ता करने के लिए आईपीए ने महामहिम राष्ट्रपति जी से मिलने के लिए समय का अनुरोध करते हुए एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या को ज्ञापन पत्र दिया है आईपीए महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध करती है कि वो अपने बहुमूल्य समय से कुछ समय वार्ता करने के लिए दें जिससे कि आईपीए राष्ट्रपति जी को देश के अभिभावक ,छात्र- छात्राओं एवम शिक्षा से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत करा उनमें सुधार करा सके हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को शिक्षा के महत्पूर्ण मुद्दे पर वार्ता करने के लिए राष्ट्रपति जी से मिलने का गौरव प्राप्त होगा ।जिले की एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या जी ने आश्वस्त किया है कि वो तत्काल इस पत्र को राष्ट्रपति जी तक पहुंचाने के लिए प्रयास करेंगी जिसके लिए आईपीए ज्योति मौर्या जी का धन्यवाद करती है इस मौके पर अजीत कुमार , सोनू शर्मा , राहुल शर्मा , टिल्लू चौधरी , विवेक कुमार, अजित सिंह ,माजिद आदि मौजूद रहे।

# नोएडा मतदाताओं तक एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी पहुँचे मतदाताओं ने की प्रशासन से अपील

**इंद्रेश शर्मा ,गौतमबुधनगर**




ग्रेटर नोएडा/गौतमबुद्धनगर। जिले में चल रही रकफ प्रक्रिया के दौरान बीएलओ और मतदाताओं के बीच सही संवाद स्थापित न हो पाने की समस्या सामने आ रही है। कई मतदाताओं ने जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग से अपील की है कि रकफ से जुड़ी जानकारी और बीएलओ के संपर्क विवरण अधिक प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुँचाए जाएं, ताकि नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश मतदाता रकफ की तिथियों, दस्तावेजों एवं बीएलओ के निर्धारित संपर्क-बिंदुओं से अनजान हैं। ऐसे में प्रस्ताव दिया गया है कि गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन, डीएम मेघा रूपम, तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आपसी समन्वय से इस सूचना को ज्यादा व्यापक तरीके से प्रसारित करें। निवासियों का सुझाव है कि प्राधिकरण की गाड़ियां, स्थानीय कार्यालयों के लाउडस्पीकर, आरडब्ल्यूए/ग्राम सभाओं के सार्वजनिक घोषणा माध्यम, और महत्वपूर्ण स्थानों पर डिजिटल व सूचना बोर्ड का उपयोग करके बीएलओ के समय, दिनांक एवं रकफ संबंधी जानकारी की नियमित घोषणा कराई जाए।

मतदाताओं ने कहा कि इससे बीएलओ सीधे अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगे, और नए मतदाता पंजीकरण, पता संशोधन, नाम हटाने या जोड़ने जैसी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वाद निस्तारण का लक्ष्य, जन-जागरूकता बढ़े, तभी जनता लाभ उठा सकेगी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायालय में आगामी 13 दिसंबर (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए नई बिल्डिंग स्थित सभागार में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण क्रियान्वयन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की संयुक्त अध्यक्षता एन.सी. पाण्डेय (एडीजे प्रथम) तथा गौरव शर्मा (एडीजे/नोडल अधिकारी, लोक अदालत) ने की। इसके साथ ही नेहा भनोदिया (प्रभारी सीजेएम) तथा कुमार मिताक्षर (सचिव, डीएलएसए) भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के प्रभावी निस्तारण हेतु रणनीति, समन्वय एवं व्यापक जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान एडीजे प्रथम एन.सी. पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत लोगों को शीघ्र, सरल एवं किफायती न्याय प्रदान करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग व संस्थान सहयोग करते हुए ऐसे वादों को चिन्हित करें जिनका निस्तारण लोक अदालत में संभव है, ताकि जनता को भविष्य की जटिलताओं और अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचाया जा सके। नोडल अधिकारी गौरव शर्मा ने व्यापक जन-जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों से जनता को अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर सूचना पट, बैनर और होर्डिंग्स लगाकर लोगों को बताया जाए कि वे किस प्रकार अपने लंबित मामलों का समाधान राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुगमता से प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

# संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी जनता की समस्याएँ, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 13 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश शिकायतें स्वास्थ्य और उद्यान विभाग से संबंधित थीं। नंदग्राम, दीनदयाल पुरी, दीना गढ़ी, स्वर्ण जयंतीपुरम, गोविंदपुरम, सेक्टर-23 संजयनगर, विजयनगर, शक्ति खंड इंदिरापुरम, रईसपुर सहित कई क्षेत्रों से आए नागरिकों ने स$फाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, स्ट्रीट लाइट, पार्कों की देखरेख, निर्माण कार्यों की समस्याओं, जलापूर्ति, संपत्ति विवाद और अतिक्रमण के मुद्दे नगर आयुक्त के समक्ष रखे। नगर आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संभव दिवस का उद्देश्य जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है और इसलिए किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। निर्देशों के बाद संबंधित विभागों की टीमें तुरंत विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुईं और कई मामलों में तत्काल कार्य भी प्रारंभ किया गया। जनसुनवाई के दौरान निर्माण विभाग से एक, स्वास्थ्य विभाग से तीन, उद्यान विभाग से तीन, प्रकाश विभाग से दो, संपत्ति विभाग से एक, नजारत विभाग से एक, जलकल विभाग से एक और अतिक्रमण से संबंधित एक संदर्भ दर्ज हुआ। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जलकल कामाख्या प्रसाद आनंद, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी को निर्देश दिया गया कि संभव में प्राप्त हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कई पार्षदों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएँ रखीं और समाधान को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। जनसुनवाई के माध्यम से नगर निगम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रशासन पूरी तरह संकल्पित है और शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

# टैक्सी ड्राइवर हरीराम की हत्या का खुलासा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** एनएच-नौ पर 20 नवंबर की शाम कार में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के रहस्य का पुलिस ने मंगलवार को पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपितों गोविंद और शनि को गिरफ्तार किया है। मृतक हरीराम पोद्दार 47 वर्ष के थे और नजफगढ़ में रहते थे। वह अपनी कार टैक्सी के रूप में चलाते थे। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी के अनुसार, हरीराम का शव मिलने के बाद से पुलिस जांच में जुटी हुई थी। पूछताछ में गोविंद ने बताया कि वह कामगार है और कुछ महीने पहले नजफगढ़ की लक्ष्मी विहार कॉलोनी में मनफूल फौजी के यहां काम करता था। उसी दौरान उसने देखा कि फौजी के पड़ोसी विपुल का ट्रांसपोर्ट व्यवसाय है और उनका 11 वर्षीय बेटा रोज स्कूल जाता है। गोविंद ने आरोप लगाया कि वे बेटे को अगवा कर 20 लाख रुपये की फिरौती की योजना बना रहे थे। इस योजना में उसने अपने दोस्त शनि को शामिल किया, जिसके लिए शनि को पांच लाख रुपये देने का वादा किया गया। आरोपितों ने 17 नवंबर से 19 नवंबर तक क्षेत्र में रेकी की और योजना को अंजाम देने की तैयारी की।

20 नवंबर की सुबह हरीराम की टैक्सी नजफगढ़ टैक्सी स्टैंड से 3,200 रुपये में अलीगढ़ के लिए किराए पर बुक की गई। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हरीराम की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। शव को उसी की टैक्सी में डालकर आरोपित बच्चे के स्कूल के पास पहुंचे, लेकिन बच्चा उस दिन स्कूल नहीं आया। काफी देर इंतजार करने के बाद आरोपित हत्याकांड स्थल से वापिस गाजियाबाद आए और टैक्सी में शव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार हरीराम के साथ की गई यह क्रूर हत्या फिरौती योजना का हिस्सा थी, जो योजना विफल होने पर हत्या में बदल गई। मामले में पुलिस की सतत जांच जारी है और शव की पहचान, मोबाइल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की पुष्टि की जा रही है।

# मुरादनगर के अवैध निमार्णाधीन पर चला जीडीए का बुलडोजर



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल के निर्देशन में तथा प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में मंगलवार को मुरादनगर क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण एवं अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की व्यापक कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई लगभग 50 बीघा भूमि पर संचालित अवैध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से की गई। अभियान के दौरान ग्राम बसन्तपुर सैतली, नवीपुर क्वा, पाइपलाइन रोड एवं नवीपुर बम्बा रोड क्षेत्र में चल रही अवैध कॉलोनाइज़िंग गतिविधियों का निरीक्षण किया गया, जहां बिना स्वीकृत मानचित्र के मिट्टी भराई, सड़क निर्माण, सीमांकन दीवार, बाउंड्रीवॉल एवं साइट ऑफिस का निर्माण किया जा रहा था। इनमें– खसरा सं. 555, ग्राम बसन्तपुर सैतली झ लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में सड़कों हेतु दीवार निर्माण।

खसरा सं. 27, ग्राम नवीपुर, पाइपलाइन रोड झ लगभग 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में मिट्टी भराई एवं सड़कों हेतु चिनाई कार्य। खसरा सं. 20, नवीपुर बम्बा रोड, दुहाई झ लगभग 20,000 वर्ग मीटर भूमि पर सड़क हेतु मिट्टी भराई, चारदीवारी और साइट ऑफिस निर्माण। प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा समस्त अवैध संरचनाओं को पूर्णतः ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही के दौरान कॉलोनाइजर/निर्माणकताओं द्वारा कड़ा विरोध दर्ज किया गया, किन्तु पुलिस व प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी तैनाती एवं नियंत्रण के चलते कार्रवाई सुचारू रूप से पूरी हुई। इस अभियान में सहायक अभियंता श्री राजीव कुमार, अवर अभियंता श्री योगेश वर्मा, प्रवर्तन जोन-02 का स्टाफ तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि आगामी माह में भी इसी प्रकार ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्राधिकरण आम नागरिकों को अवगत कराता है कि उपरोक्त स्थलों पर विकसित की जा रही कॉलोनियाँ पूर्णतः अवैध हैं एवं इनका कोई भी मानचित्र / तलपट मानचित्र प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं है, जो कि उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के प्राविधानों का स्पष्ट उल्लंघन है और दंडनीय अपराध है। इन अवैध कॉलोनियों में किसी भी भूखण्ड/भवन का क्रय-विक्रय पूर्ण रूप से गैर-कानूनी है। ऐसे लेन-देन के कारण होने वाली धन हानि, धोखाधड़ी एवं विधिक परिणामों के लिए क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा तथा प्राधिकरण द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी संपत्ति का सौदा करने से पूर्व उसकी वैधता एवं मानचित्र स्वीकृति की जांच अवश्य करें और अवैध कॉलोनियों से दूर रहें।

# शराब विवाद में दोस्त ने की हत्या, आरोपी रोहित गिरफ्तार

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड पर बंद पड़ी मोदीपोन फैक्ट्री परिसर में कामगार अनिल कुमार के कंकाल मिलने के रहस्य का पदार्फाश मोदीनगर पुलिस ने मंगलवार को कर दिया। पुलिस के अनुसार, शराब के 250 रुपये मांगने पर अनिल ने आरोपी रोहित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था, जिससे भड़ककर रोहित ने पास में रखी लाठी से अनिल के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इस हमले में अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी रोहित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त खून से सनी लाठी भी उसके कब्जे से बरामद की गई। हत्या की तहरीर अनिल की पत्नी ने दर्ज कराई थी। मृतक अनिल अपने परिवार - पत्नी और तीन बच्चों के साथ मोदीनगर के गांव गदाना में रहते थे।

# नगर निगम मुख्यालय में नई लिफ्ट का शुभारंभ, आगंतुकों के लिए आवाजाही हुई और सुगम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई लिफ्ट का लोकार्पण किया गया। नगर निगम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहरवासी अपनी विभिन्न समस्याओं और कार्यों के लिए आते हैं, ऐसे में उनकी सुविधा सुनिश्चित करना निगम प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुख्यालय भवन में तीसरी लिफ्ट का निर्माण कार्य कराया गया था, जो अब पूर्ण हो चुका है और मंगलवार को इसका विधिवत उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा रिबन काटकर किया गया। लोकार्पण के अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम में आने वाले नागरिकों को अक्सर भूतल से लेकर पंचम तल तक के विभागों में जाना होता है। बुजुर्गों, महिलाओं और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सीढि ?ां चढ ?ा एक बड़ी कठिनाई रहा है। मौजूदा दो लिफ्टों पर अत्यधिक भार बढ़ जाने के कारण समय-समय पर लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। नई लिफ्ट की शुरूआत से न केवल भीड़ का दबाव कम होगा, बल्कि आवाजाही भी कहीं अधिक सुचारू और व्यवस्थित हो सकेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम लगातार नागरिक-हित में सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। यह नई लिफ्ट उन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है, जो मुख्यालय में आने वाले हर व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के अपनी मंजिल तक पहुँचने में सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी नगर निगम इसी प्रकार नागरिक-केंद्रित सुधार कार्य करता रहेगा।

# गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक में महिलाओं का झगड़ा वायरल, बिल्ली पालने को लेकर शुरू हुआ विवाद

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा,गाजियाबाद।** गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में महिलाओं के बीच हुआ जोरदार मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि झगड़े की शुरूआत बिल्ली पालने को लेकर हुए विवाद से हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। सीसीटीवी में कैद करीब तीन मिनट की फुटेज में साफ दिखाई देता है कि दो महिलाएं एक-दूसरे पर हमला करती नजर आ रही हैं। घटना के दौरान आसपास मौजूद अन्य महिलाओं और पुरुषों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक हालात बेकाबू बने रहे। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि आरोपित महिलाएँ एक-दूसरे को खींचते, धक्का देती और मारपीट करती दिख रही हैं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित पक्ष ने थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से पूरे प्रकरण की तह तक जाने का प्रयास किया जा रहा है और तथ्य स्पष्ट होने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, आवासीय सोसायटी में पालतू जानवरों को लेकर पहले भी छोटे-मोटे विवाद सामने आते रहे हैं, लेकिन पहली बार मामला इतनी गंभीर मारपीट तक पहुंचा है। इस घटना ने एक बार फिर आवासीय क्षेत्रों में पालतू जानवरों को लेकर बन रहे मतभेदों और प्रबंधन समितियों की जिम्मेदारियों पर सवाल खड़ा कर दिया है। पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था में बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

